शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 182 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 28 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## प्रधानमंत्री आज सुबह 11 बजे करेंगे मन की बात

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार (28 जुलाई) को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बात को संबोधित करेंगे। मन की बात का यह 112वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पिछले माह पुनः मन की बात को शुरू किया। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

## झारखंड के सीएम सोरेन की जमानत को चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को ईडी की ओर से चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 29 जुलाई को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई करेगी। ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड हाई कोर्ट से मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। झारखंड हाई कोर्ट ने 3 जुलाई को हेमंत सोरेन को जमानत दी थी। झारखंड हाई कोर्ट ने सोरेन को जमानत देते हुए कहा था कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है।

## तमिलनाडु के लिए रेल बजट में आठ गुना वृद्धि: डॉ. जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय बजट 2024-25 के प्रमुख प्रावधानों के साथ तमिलनाडु के लिए महत्वपूर्ण लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बजट को दूरदर्शी और देश के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 2047 के अनुरूप बताया।

# देश को विकसित बनाने में राज्यों की भूमिका अहम: मोदी

## नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई

**नई दिल्ली**

**नीति** आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। यह बैठक राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित हो रही है।

**नीति आयोग की तर्ज पर गुजरात में जीआरआईटी थिंक टैंक की होगी स्थापना- भूपेंद्र पटेल**

वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को नीति आयोग की तर्ज पर गुजरात राज्य परिवर्तन संस्थान (जीआरआईटी) की स्थापना की वकालत की, जो केंद्र सरकार के लिए सार्वजनिक नीति थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में बोलते हुए भूपेंद्र पटेल ने यह भी कहा कि गुजरात 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूपेंद्र पटेल ने 'विकसित भारत' के लिए 'विकसित गुजरात' के लक्ष्य को साकार करने के लिए 'गुजरात@2047 डायनेमिक डॉक्यूमेंट-रोडमैप' भी पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह रोडमैप 'अच्छी कमाई' और 'अच्छी जिंदगी' के दो स्तंभों पर बनाया गया है और इसका उद्देश्य लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना और आर्थिक समृद्धि लाना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन लक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से प्राप्त करने के लिए नीति आयोग की तर्ज पर एक थिंक-टैंक, गुजरात स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन के गठन की घोषणा की। नीति आयोग की बैठक के समापन के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र से रवाना हुए।

नीति आयोग की बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले रक्षा मंत्री

नीति आयोग की बैठक के समापन के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र से रवाना हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नीति आयोग की बैठक के समापन के बाद राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र से रवाना हुए।

**'भारत को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए'**

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है। भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए और ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आए।'

**झूठ बोल रही हैं ममता बनर्जी'**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के आरोपों पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा,



## 'राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए किया नाटक'

**पश्चिम** बंगाल में विपक्षी दल भाजपा ने नीति आयोग की बैठक से ममता बनर्जी के उठकर चले जाने की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए किया गया 'नाटक' है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह बनर्जी द्वारा तैयार की गई एक कमजोर पटकथा है। उन्हें नीति आयोग की बैठक में उचित समय दिया गया था। बल्कि राजनीतिक लाभ लेने और बहिर्गमन करके नाटक करने गई थीं।

## मैं बोल रही थी तो मेरा माइक बंद कर दिया- सीएम ममता बनर्जी

**नई दिल्ली**

**27 जुलाई** को नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं, इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं। बीजेपी शासित



राज्यों के कई मुख्यमंत्री बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, टीएमसी के अलावा विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार सुबह ही दिल्ली पहुंच गई थीं। एनडीए के सहयोगी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बैठक में नहीं शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज होकर नीति आयोग की मीटिंग से बाहर आ गईं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, "मैं बोल रही थी, मेरा माइक बंद कर दिया गया।'

## 'उनके बोलने का समय खत्म हो गया था', ममता के 'माइक बंद' करने के दावे को केंद्र ने झुठलाया





**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हो रही है। इसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे तो कई नदारद रहे। विपक्षी गठबंधन की ओर से एकमात्र पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसमें शामिल हुईं। मगर थोड़ी देर बाद ही वह भी बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर आ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया और उनका माइक बंद कर दिया था। अब उनके आरोपों को केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया है। सरकार ने कहा कि बंगाल की सीएम का बोलने का समय पूरा हो गया था।

**झूठी कहानी बनाने की बजाय सच बोलें ममता: सीतारमण**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सीएम ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लिया। हम सभी ने उन्हें सुना। सभी मुख्यमंत्रियों को बोलने के लिए समय दिया गया था। बनर्जी ने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था। यह पूरी तरह से झूठ है। प्रत्येक मुख्यमंत्री को बोलने के लिए उचित समय दिया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उनका माइक बंद कर दिया गया था, जो सच नहीं है। उन्हें फिर से झूठ पर आधारित कहानी बनाने के बजाय सच बोलना चाहिए।'

## नीट यूज रिवाइज्ड रिजल्ट जारी, टॉप-17 की लिस्ट में सबसे ज्यादा 4 कैंडिडेट

**नई दिल्ली**

**नीट** यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित हो गया है। जिस भी कैंडिडेट ने 5 मई को नीट यूजी परीक्षा 2024 में भाग लिया था वो अपना रिजल्ट नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। वैसे बात करें रिजल्ट की तो महज पांच अंकों के बदलाव ने कई छात्रों को खुश कर दिया है। वहीं, कई को निराशा भी हाथ लगी है। दरअसल, मेडिकल स्कूल में दाखिले के लिए नीट-यूजी में ऐसे उम्मीदवार हैं, जो 8,000 रैंक ऊपर या नीचे चले गए हैं। इसमें 720 अंकों के साथ 17 उम्मीदवारों को



टॉपर घोषित किया गया, जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने पर यह संख्या 61 थी।

**720 अंक प्राप्त करने वाले 17 टॉपर्स**

720 के परफेक्ट स्कोर के साथ 17 टॉपर्स शामिल है, जिसमें सबसे आगे दिल्ली के मृदुल मान्या आनंद का नाम हैं। उसके बाद ईडब्ल्यूएस कैटेगरी से यूपी के आयुष नौगरैया हैं। इसके अलावा दिल्ली के एक और उम्मीदवार ने 720 स्कोर किया है। वहीं, राजस्थान से चार टॉपर है।

अन्य परीक्षार्थियों को भी राहत की सांस मिली, जिनके रैंक में मामूली अंतर था। टॉपर्स की संख्या में कमी के साथ-साथ क्वालीफाइंग कटऑफ और योग्य उम्मीदवारों की संख्या में भी कमी देखने को मिली है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शुक्रवार को संशोधित नतीजे घोषित किए गए। 17 कैंडिडेट ऐसे थे जिन्होंने 720 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा छह ऐसे थे जिन्होंने 716 अंक प्राप्त किए।

## एमपी-राजस्थान समेत 17 राज्यों में भारी बारिश

### टिहरी के घनसाली में दुकानें बालगंगा नदी में गिरीं; सोनप्रयाग में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली**

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के 8 जिलों पुणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, चंद्रपुर, गोंदिया और गढ़चिरौली में शनिवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

भारी बारिश के बीच महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित शाहबाज में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई। हादसे में तीन लोग मलबे में दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को बचा लिया



गया है। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद रही। घटना शनिवार तड़के साढ़े चार बजे हुई। इधर, गुजरात के भी कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 2700 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2200 लोग नवसारी और 500 लोग तापी जिले के हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से यमुनोत्री धाम के दोनों गर्मकुंडों में मलबा भर गया है। मंदिर का ऑफिस, रसोई टूट गई है, मंदिर तक जाने वाला पैदल पुल भी बह गया है। भारी मलबा और बोल्डर से यमुनोत्री मंदिर को भी नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को भागकर जान बचानी पड़ी।

**उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट, स्कूल बंद**

मौसम विभाग ने 27 जुलाई को देहरादून जिले में भारी बारिश की संभावना के चलते 1 से 12 क्लास तक और आंगनवाड़ी केंद्रों में एक दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। 26 जुलाई की रात यमुना में आई बाढ़ के बाद यमुनोत्री धाम के हालात खराब हो गए हैं। मंदिर, पार्किंग और रसोई जैसी जगहों पर बड़े-बड़े बोल्डर से नुकसान पहुंचा है।

## गगनयान मिशन से पहले ही अंतरिक्ष जाएगा भारत का एक गगनयात्री



**नई दिल्ली**

**भारत के** गगनयान मिशन की तैयारियां जोरों पर हैं। अब केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया है कि गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों में से एक गगनयात्री को अगस्त में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (क्रर) भेजा जाएगा। भारत के गगनयात्री को भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा साथ मिलकर अगस्त में आईएसएस भेजेंगे।

**लोकसभा में गगनयान मिशन को लेकर पूछा गया सवाल**

गुरुवार को टीएमसी सांसद सौगत राय ने संसद में एक सवाल किया था, जिसमें सौगत राय ने लोकसभा में गगनयान मिशन के बारे में जानकारी मांगी थी। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान और तकनीक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने बताया कि गगनयान मिशन के क्रू के एक सदस्य को इसरो और नासा के बीच एक साझा अभ्यास के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र भेजा जाएगा। इस मिशन में दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ ही एक निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस भी शामिल है। हाल ही में इसरो ने एक्सिओम स्पेश के साथ अंतरिक्ष उड़ान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

**फरवरी में गगनयान के अंतरिक्षयात्री हुए थे सार्वजनिक**

इसरो-नासा और एक्सिओम के साझा मिशन को अगस्त में लॉन्च किया जा सकता है।

गगनयात्री अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरेंगे। फरवरी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गगनयान मिशन के चार गगनयात्रियों को सार्वजनिक रूप से पेश किया था। चारों गगनयात्री भारतीय वायुसेना के शीर्ष पायलट हैं, जिनमें ग्रुप कैप्टन बालाकृष्णन , अजित कृष्णन, अंगद और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं।

## शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल शुरू करेगा केरल

### महीने में 4 दिन 'बैग फ्री डेज' पर फैसला लेने जा रही विजयन सरकार

**तिरुवनंतपुरम**

देश के सभी राज्यों में से दक्षिण भारतीय राज्य केरल में सबसे ज्यादा साक्षरता दर है। इसके पीछे कई वजहें हो सकती हैं, लेकिन इसी बीच केरल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक और कदम उठाने जा रही है। बच्चों के माता-पिता को इस बात की चिंता रहती है कि उनके बच्चे का



बैग भारी है। सरकार अभिभावकों की इसी चिंता का निवारण करने पर विचार कर रही है। केरल की पिनाराई विजयन सरकार 'बैग फ्री डेज' पहल पर काम कर रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो बच्चों को अब स्कूल में भारी बैग लेकर नहीं जाना पड़ेगा। योजना के मुताबिक बच्चों को महीने में चार दिन बैग ले जाने से मुक्ति मिलेगी।

**अभिभावकों की चिंताओं को दूर करने के लिए कई उपायों पर विचार**

केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने कहा है कि स्कूल बैग के वजन को लेकर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर राज्य सरकार बच्चों और अभिभावकों की चिंताओं को दूर करने के लिए कई उपायों पर विचार कर रही है। शिवनकुट्टी ने शुक्रवार को दिए एक बयान में कहा कि सरकार राज्य में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के भारी स्कूल बैग के मुद्दे पर जल्द ही फैसला लेगी।

## अरुणाचल सरकार पूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में देगी प्राथमिकता

**ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पूर्व अग्निवीर जवानों के लिए बड़ी घोषणा की है। सीएम ने घोषणा में कहा है कि सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए प्रशिक्षण देगी। वहीं, सेवानिवृत्त अग्निवीरों को अरुणाचल प्रदेश पुलिस, आपातकालीन और अग्निशमन सेवाओं में भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी।

सीएम खांडू ने कहा कि यह पहल अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को देश की सेवा करने में सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "अरुणाचल प्रदेश सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए तैयार करने के लिए प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगी।"

# एस-400: भारत की हवाई सुरक्षा चाक-चौबंद

### एस-400 सिस्टम ने 'दुश्मन' के 80 फीसदी विमानों को बनाया निशाना

**नई दिल्ली**

**भारत के** सुदर्शन एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल सुदर्शन एस-400 सिस्टम ने अभ्यास के दौरान 'दुश्मन' के पैकेज के 80 फीसदी लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया। भारत की सीमाओं की हवाई सुरक्षा के लिहाज से इसे अहम माना जा रहा है।

**अभ्यास में एस-400 ने अपने प्रदर्शन से वायुसेना अधिकारियों को किया खुश**



यह अभ्यास भारतीय वायुसेना द्वारा किया गया था, जिसमें वायुसेना ने एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम की एक स्कवाड्रन तैनात की थी। इस अभ्यास का मकसद एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमताओं की जांच करना था। अभ्यास में वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने बतौर दुश्मन उड़ान भरी। अभ्यास के दौरान एस-400 ने अपने टारगेट को लॉक किया और बतौर दुश्मन उड़ान भर रहे करीब 80 फीसदी विमानों पर निशाना साधा।

**भारत ने 35 हजार करोड़ रुपये में किया था एस-400 का सौदा**

एस-400 को वायुसेना द्वारा तैनात कर दिया गया है और अभी एस-400 की तीन स्कवॉड्रन तैनात की जा चुकी हैं और साल 2026 तक इसकी दो और स्कवॉड्रन भारत पहुंच सकती हैं। बता दें कि एस-400 हवाई सुरक्षा सिस्टम को रूस द्वारा विकसित किया गया है। भारत ने रूस के साथ 35 हजार करोड़ रुपये में पांच एस-400 सिस्टम की डील की थी। अभी डील के तहत दो और स्कवॉड्रन भारत पहुंचनी है। भारत सरकार ने रूस से अपील की है कि बाकी बचे हुए दो स्कवॉड्रन की भी जल्द ही आपूर्ति की जाए। भारत की हवाई सीमा को चाक-चौबंद करने के लिए हाल ही में वायुसेना को एमआर-सैम और आकाश मिसाइल सिस्टम भी मिला है। साथ ही इस्राइल का जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाइडर क्विक रिएक्शन सिस्टम भी भारत की हवाई सीमाओं को चाकचौबंद बनाएगा। एस-400, जिसे पहले S-300 PMU-3 के नाम से जाना जाता था, एक मोबाइल सिस्टम के जरिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे 1990 के दशक में रूस के ठढड अल्माज द्वारा S-300 मिसाइलों के अपग्रेड के रूप में विकसित किया गया था।

# मांडा थाने का समाधान दिवस बना औपचारिकता

## ऊबकर कर समाधान दिवस में जाना ही नहीं चाहते फरियादी, सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा, किसी का भी नहीं हुआ निस्तारण

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अंतर्गत मांडा थाने का समाधान दिवस तहसील के राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही और उपेक्षा ले डूबी। हर बार लेखपालों और राजस्व कर्मचारियों की कमी तो कहीं सरकारी जमीन को कब्जा कराने में हल्का लेखपालो की मिली भगत के चलते मामलों का समाधान होने के बजाय टीम गठित कर रजिस्टर के हवाले कर दिया जाता है। आए राजस्व संबंधित प्रार्थना पत्रों में किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को मांडा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में मेजा व कोरांव मिलाकर कुल 19 लेखपाल व 3 राजस्व निरीक्षक सहित नायब तहसीलदार मांडा आये थे। ज्यादातर अधिकारी तहसीलों के बगल थाने पर बैठकर समाधान दिवस की खानापूर्ति करके प्रयागराज लौट जाते हैं। मांडा में राजस्व अधिकारी आने के बावजूद भी अध्यक्षता एसएसआई मांडा शैतान सिंह ने की। वहीं मांडा थाना क्षेत्र के दसवार गांव में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री बनाने पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा कब्जा दखल करने पर ग्राम प्रधान व प्रधानाचार्य ने लिखित प्रार्थना पत्र




देकर बाउंड्री बनवाने में सहयोग की मांग की। इसी क्रम में गिरधरपुर ग्राम पंचायत की सरकारी खलिहान गाटा संख्या 282 रकबा 0.2180 हेक्पटेयर की भूमि पर भरथीपुर गांव के कुछ दबंगों द्वारा कब्जा दखल करने पर भरथीपुर गांव निवासी लछिमन सोनकर ने प्रार्थना पत्र देकर थाना समाधान दिवस पर पहुंचकर अतिशीघ्र अतिक्रमण हटवाने की मांग की हैं। जब तक मांडा के समाधान दिवस का औचक निरीक्षण प्रयागराज या लखनऊ की टीम करके दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती, तब तक मांडा का समाधान दिवस पूरी तरह औपचारिकता बना रहेगा। राजस्व संबंधित तमाम पुराने समाधान दिवस के मामले अभी जांच हेतु अधर में हैं। जो लेखपाल आते भी हैं, वे चाय पान की दुकानों पर कुछ खास फरियादियों में ही जुटे रहते हैं।

## समाधान दिवस पर थाना पहुचें डीसीपी गंगा नगर समस्याओं को हल करने का दिया निर्देश

**मऊआइमा।** शनिवार को मऊआइमा थाना में आयोजित समाधान दिवस पर डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय पहुंच कर राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर जन सुनवाई करे।और यह दिशा निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का जल्द हल करें। आए हुए फरियादियों की उन्होंने फरियाद सुन कर निस्तारण हेतु आदेशित किए।





## मेजा थाने में आयोजित समाधान दिवस में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

**मेजा।** शनिवार को मेजा थाने में आयोजित समाधान दिवस में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यमुनानगर अभिजीत कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता तथा तहसीलदार मेजा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान आए हुए शिकायतकताओं की शिकायत को उपस्थित अधिकारियों ने सुनकर सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी एव पुलिस उपनिरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सर्वाधिक शिकायतें रहीं। जिसका त्वरित निस्तारण के आदेश दिए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी मेजा राजेश उपायाय उपनिरीक्षक बलवंत यादव चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा एव राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज के महापुरुषों के अधूरे कार्यों को पूरा करना मेरा उद्देश्य : चन्द्र शेखर आजाद

### फूलपुर क्षेत्र के रूदापुर में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकताओं में भरा जोश

**फूलपुर।** भाजपा सहित अन्य सरकारों में दलितों एवं नौजवानों का उत्पीड़न हुआ है। दलितों को उनके अधिकार नहीं मिलें। पार्टियां अब तक उन्हें सिर्फ अपने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती रही हैं। यह बातें शनिवार को फूलपुर क्षेत्र के रूदापुर में आयोजित सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी (कां)के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने कही। उपस्थित कार्यकताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा की बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के अधूरे कार्यों एवं उनके सपने को पूरा करने उद्देश्य से राजनीति में आया हूं। हमारे महापुरुषों द्वारा दिया गया बलिदान अधूरा नहीं रहेगा। होने वाले आगामी उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी को विधायक बनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा की भाजपा धर्म की राजनीति कर देश को



बांटने का काम कर रही है। इस दौरान कार्यकताओं द्वारा नगीना लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद को चांदी का मुकुट पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर आजाद समाज पार्टी (कां) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़, अंशुमान वर्मा, नरेंद्र गौतम,विजय सरोज, सुनील सौरभ,नीरज गौतम, शशिकांत, मुकेश रावत (अंशु) सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेदुला बाजार में बाइक की टक्कर से सफाईकर्मी की दर्दनाक मौत

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत नेदुला बाजार में दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर होने से सफाईकर्मी की मौत हो गई। शनिवार शाम 7 बजे बजती गांव निवासी भीम गौतम सफाई कर्मचारी प्रतापपुर ब्लाक नेदुला बाजार से अपने घर बजती जा रहे थे कि नेदुला बाजार में स्थित शराब ठेका के सामने जंघई की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने भीम गौतम की बाइक में टक्कर मार दिया जिससे भीम गौतम लहुलुहान होकर गिर पड़े और तड़पने लगे। परिजनों को सूचना मिली तो एंबुलेंस से अस्पताल लेकर भागे तब तक भीम गौतम 45 वर्ष की सांसें थम चुकी थी। रोते बिलखते परिजन भीम गौतम को लेकर घर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर सरायममरेज एवं पुलिस चौकी जंघई स्टाफ मौके पर पहुंचे शव को सरायममरेज थाने ले गए जहां से शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जाएगा।

# भारतगंज , मांडा की सड़क बनी, ताल तलैया,गड्ढे में तब्दील

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** हल्की बारिश होने पर भी भारतगंज नगरगया । पंचायत की अन्तिम सीमा के बाद और जैसे ही मांडा खास सीमा प्रारंभ होने वाली मुख्य मार्ग पर गंदे पानी व बरसात के पानी से बनी ताल तलैया। इसी तरह मांडा खास करमा सेतु के पास कोरांव मुख्य मार्ग पर मुराद अली, श्याम लाल धईकार, कन्हैया लाल मिश्रा के घर के सामने जगह जगह सड़क पर काफी गढ्ढा हो गया है जिससे आए दिन राहगीर व वाहन पलट कर घायल होते रहते हैं। उक्त सड़को पर बने गड्ढों से आक्रोशित ग्रामीणों ने अतिशीघ्र सड़क पर बने गड्ढों को पाटने की मांग की हैं। शनिवार सुबह हल्की बरसात होने के कारण मांडा खास करमा सेतु के पास श्याम लाल, कन्हैया लाल मिश्रा के घर के सामने ई रिक्शा चालक मोहन पाण्डेय निवासी गिरधरपुर मुख्य सड़क पर बने गड्ढे में फंस कर ई रिक्शा लेकर पलट गया जिससे चालक मोहन पाण्डेय को काफी चोटे आई। चालक को ई रिक्शा से दबा

### करमा सेतु के पास मांडा खास कोरांव, हाटा मुख्य मार्ग पर ई- रिक्शा पलटा, चालक घायल



देख आस पास के लोग रिक्शा उठा कर उसकी जान बचाई और इलाज के लिए सीएचसी मांडा ले जाया गया । सड़कों पर बने गड्ढों को अतिशीघ्र पाटने की मांग की हैं। आस पास के लोगों ने बताया कि बड़ी घटना होने से टल गया जहां कि ई रिक्शा पर छोटे छोटे बच्चे बैठाकर साधना पब्लिक स्कूल ले जाया जाता है और वह बच्चों को छोड़कर कर घर के लिए जा रहा था कि अचानक सड़क पर बने ई रिक्शा चालक मोहन पाण्डेय पलट गया । इसी तरह पानी से भर गई और आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कस्बे में बने नाली जगह-जगह जाम होने से बरसात का पानी नहीं निकल पाता है जिससे लोगों के घरों में भी पानी घुस जाया करता है। ऐसे में स्कूली छात्रों के हजारों रुपए की पुस्तक एवं यूनिफॉर्म को लेकर गड्ढे में तब्दील सड़कों पर चलना दुश्वार हो रहा है जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को ग्रामीणों ने किया है लेकिन अधिकारियों के कान तक जुं भी नहीं डोले हैं। वही गमीणों ने जिले के शीर्ष अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भारतगंज, भरारी द्वितीय, हंडिया,महुआरी, नकटी, बघौरा खवास का तारा, मांडा खास करम सेतु के पास की सड़कों पर जमे गंदे पानी के निकाल कर आने जाने वाले राहगीरों के समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## जसरा रेलवे स्टेशन को और सुविधाजनक बनाने के लिए हुई बैठक में रेलवे अधिकारियों व सदस्यों ने दिये सुझाव

**जसरा।** जसरा रेलवे स्टेशन पर रेल अधिकारियों व रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेशन को और सुविधा जनक बनाने के लिए सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। शनिवार को रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य प्रकाश चंद्र शुक्ला प्रचंड और कुशल जैन के साथ यातायात निरीक्षक यातायात नैनी नीतीश कुमार,स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार, वरिष्ठ खंड अभियंता पंकज कुमार व यातायात निरीक्षक नैनी नितीश कुमार के साथ हुई




बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा कई सुझाव दिए गए। जिसमें कहा गया कि कोरोना महामारी के समय से बंद काशी एक्सप्रेस का पुनः जसरा स्टेशन पर ठहराव किया जाए। जसरा स्टेशन से मुख्य राजमार्ग को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण करके मरम्मत किया जाय, रेलवे ओवर ब्रिज / रेलवे अंडर ब्रिज को जल्द से जल्द बनाया जाए जिससे सड़क यातायात सुचारू रूप से चल सके, तथा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सके। यात्रियों के लिए वेटिंग हाल व बैठने के लिए स्थाई सीट की व्यवस्था की जाए। वहीं रेलवे बोर्ड के दूसरे सदस्य कुशल जैन ने सुझाव दिया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस का जसरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाए। क्योंकि जसरा सब्जी मंडी के साथ ही जारी गल्ला मंडी के व्यापारी जसरा स्टेशन का उपयोग आने जाने के लिए करते हैं। इस पास के जैसे गौहनिया कर्मा आदि बाजारों के लोगों के लिए जसरा रेलवे स्टेशन ही नजदीक पड़ता है। श्री जैन ने कहा कि स्टेशन की साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए तथा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए चाय और स्नेक्स का स्टाइल खोलने की व्यवस्था की जाए। बोर्ड। की बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, प्रधान जसरा आशीष सोनकर, दीप चंद्र गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मंडल, आलोक पाठक भाजपा मीडिया प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने गैंगरेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष एवम् जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज के नेतृत्व में गत दिनों कोरांव थाना अंतर्गत ग्राम सभा बैदवार में स्थित कांशीराम आवास कालोनी में नगर पंचायत कोरांव निवासी नाबालिग युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में तहसील कोरांव में उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार राम मूरत को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर सपा नेता सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा की भाजपा की डबल इंजन की सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं रह गई अपराधियो के हौसले बुलंद है इतने

### भाजपा सरकार में बहन बेटी सुरक्षित नहीं सोमदत्त सिंह



संगीन मामले में भी जिस प्रकार से पुलिस विभाग लीपा पोती कर रही यह निंदनीय है सपा नेता ने राज्यपाल के संबोधित ज्ञापन में मांग किया की पीड़िता को एक करोड़ का मुआवजा अविलंब दिया जाए और पीड़िता का शिक्षा दीक्षा निःशुल्क प्रदान किया जाए आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए एवम् पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए।यदि इस समस्या का निराकरण शीघ्र ना किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।किसान नेता राजू चौबे ने कहा की जिस प्रकार से किशोरी के साथ अमानवीय अपराध कारित किया गया है यह अपराधियो द्वारा सरकार के मुंह पर तमाचा मारने का कार्य किया गया है।उक्त मौके पर मुख्य रूप से राजेश पांडे विधानसभा प्रभारी रविंद्र जैसल महासचिव प्रमोद मिश्रा पयासी मेहताब खान नगर अध्यक्ष पवन सोनकर रामानुज यादव दिनेश पटेल नौशाद अंसारी शिवदानी पाल अतुल बिंद शहादत अली राजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कारगिल विजय दिवस पर कवियों ने पढ़ी देशभक्ति कविता




**सहसों।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा गंगापार के तत्वाधान में शुक्रवार को सायंकाल सहसों गोल चौराहे पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन की शुरूआत जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल ने कारगिल विजय में हुए शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बांदा से पधारीं कवयित्री ने अपनी कविताओं के माध्यम से माता सरस्वती की वाणी वंदना किया। इस मौके पर कवि सम्मेलन में प्रथम कवि के रूप में युवा ओज कवि अमित आभास नें पढ़ा कि ,,जब जब हमने प्यार दिया तब तब बस तुमने चोट दिया,, पुलवामा का बदला हमने तुमको बालाकोट दिया। वहीं राजकुमार अंजाना नें अपनी अंदाज में व्यंग्य की रचनाएँ पढ़ वाहवाही लूटी। कवि संतोष समर्थ नें पढ़ा कि-योगी नें योग सबको सिखाया है इस कदर, जितने थे रंगबाज रास्ते पर आ गए। कविता पाठ के दौरान वयोवृद्ध कवि लालजी देहाती नें अपनी रचना पढ़ते हुए सुनाया कि ,,कलयुग सिर्फ कहइ के आ सही में चमचा जुग आटई,, पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। कवित्री आयुषी त्रिपाठी ने पढ़ा कि होश में रहना जनवरी को जून कर देंगे, लद्दाख को भव्य देहरादून कर देंगे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक युवा कवि धनंजय शाश्वत नें पढ़ा कि मैं कैसे मान लूँ कि बेरोजगारी बहुत है, मुर्दे भी जब मनरेगा से तनख्वाह ले रहे।। सुंदर रचना सुन श्रोता दीर्घा में बैठे श्रोताओं ने तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। कवि सम्मेलन का सफल संचालन नीरज पांडे ने किया। कवि सम्मेलन में उपस्थित भाजयुमो गंगापार जिला अध्यक्ष नवीन सिंह पटेल ने आए हुए सभी कवियों, अतिथियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। कवि सम्मेलन के इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कविता पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार किरण त्रिवेदी एवं अनिरुद्ध सिंह पटेल, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, सियाराम मौर्य, राघवेंद्र सिंह, उत्कर्ष सिंह, जे पी सिंह सहित भारी संख्या में श्रोता सुंदर रचनाएं सुनते उपस्थित रहे।

### चोरों ने आटो पार्ट्स की दुकान को बनाया निशाना

**फूलपुर।** रात में आटो पार्ट्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का सामन पार कर दिया। जानकारी होने पर परेशान भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत मंशी बुजुर्ग गांव निवासी रणजीत सिंह पटेल की बाबूगंज यादव चौराहे पर आटो पार्ट्स की दुकान है। शाम को दुकान बंद होने के बाद अज्ञात चोरों ने रात में शटर का ताला तोड़कर लाखों का सामन उठा ले गए। जानकारी होने पर भुक्तभोगी के पैरों तले जमीन खिसक गई। भुक्तभोगी ने फूलपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### बैंक के खाते से जालसाजों ने उड़ाया दो लाख रुपया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जालसाजों ने एक व्यक्ति के मोबाइल नम्बर के जरिए दो दिन में दो लाख रुपए साफ कर दिए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के छीतेमऊ गांव निवासी राम अधार पुत्र जागेश्वर प्रसाद का कहना है कि उसके मोबाइल नम्बर के आधार पर जालसाजों ने उसके बैंक खाते से दो दिनों में चार बार में दो लाख रुपए उडा दिए।राम अधार ने पहले इसकी लिखित शिकायत बैंक में की। फिर मऊआइमा थाने में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शिव पार्वती विवाह देखकर हर हर महादेव से गूंजा पांडेयपुर






**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन माह में बूढ़ेनाथ महादेव मंदिर पांडेयपुर, भानीपुर प्रांगण में ग्रामीणों के सहयोग से श्री शिव महापुराण साप्ताहिक कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक आचार्य लोलारख नाथ मिश्र महाराज ने कथा के चौथे दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया गया। कथा में शिव की बारात निकाली गई जिसमें भक्तगण नाचते गाते हुए शिव की बारात में शामिल हुए। इस दौरान कथा वाचक ने कहा कि भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है इसलिए हम सभी को भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। कथा वाचक ने शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने हिमालय राजा के यहां पर जन्म लिया था पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी इसीलिए भोलेनाथ से माता पार्वती का विवाह हुआ। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के पहले से ही तारकासुर राक्षस का तीनों लोक में अत्याचार था और उसका वध भोलेनाथ व माता पार्वती के पुत्र से होना था। इसीलिए भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह पहले से ही होना तय था यानी यह सब लीला भगवान की थी कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए भी देखा गया। इस अवसर पर श्रीनाथ पांडेय राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, सुरेश पांडेय अध्यापक, अवधेश पांडेय, राजेश शुक्ला, छब्बू शुक्ला, कृपाशंकर मिश्रा, ओमप्रकाश पांडेय, प्रधान भानीपुर सौरभ पांडेय, राजेंद्र पांडेय, राकेश पांडेय, मनीष पांडेय, विश्वनाथ विश्वकर्मा, रामसागर दुबे, लक्ष्मीकांत पांडेय, रमेश पांडेय, राजा सिंह, दूधनाथ साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बिजली की शार्ट सर्किट से लाखों की क्षति

### आस पास के लोगों ने बुझाया आग, दमकल आते आते तीन चार लाख का समान स्वाहा

**कोरांव।** क्षेत्र के देवघाट तिराहे पर स्थिति राजू की कपड़े जूता चप्पल होजरी आदि की दुकान में अचानक रात करीब दस बजे बिजली के करेंट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखे कपड़ों शूज आदि पूरी गांठे जल गई। बता दें कि देवघाट थाना कोरांव में तिराहे पर राजू की दुकान रात आठ बजे बंद कर घर चला गया। इसी बीच बिजली की इस समय चल रही बिजली आंख



मिचौली से बिजली की वायरिंग शॉर्ट सर्किट से उत्पन्न अंदर ही अंदर आश पूरे दुकान के अंदर फैल गई। जब अगल बगल के लोगों आग और धुंआ देखा तो दुकान मालिक को घर फोन कर बुलाया गया दरवाजा तोड़ कर पड़ोसियों ने टुल्लू के जरिए बचाने का प्रयास किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गाड़ी किंतु समय से ने पहुंच पाने के कारण दुकान का सारा समान जल चुका था। पुलिस भी मौके पर पहुंची । दुकान दार की अपूर्ण निय क्षति से परिजन दुखी थे। पीड़ित और ग्रामीणों ने सरकार से छती पूर्ति की माग की है।

# जनता की उम्मीदों को पूरा कर रही है मोदी की गारंटी : केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** केंद्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग अजय टम्टा ने कहा कि मोदी सरकार का बजट गरीबों और समाज में पिछड़ी पंक्ति में खड़े लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट आम जनता से लेकर गरीबों सबकी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। मोदी सरकार बनने पर 2014 में ही देश के विकास का जो रोडमैप तैयार किया गया है उसी रास्ते पर सरकार चल रही है और मोदी की गारंटी गरीबी को दूर करने का प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री टमटा शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित बजट चर्चा विषय पर बतौर मुख्य




अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रयागराज आस्था और ज्ञान का केंद्र है। महाकुंभ के मद्देनजर यहां पर काफी विकास कराया जा रहा है। पिछले दस सालों में प्रयागराज का जितना विकास हुआ है उतना विकास आजादी के बाद से कभी नहीं किया गया। उन्होंने प्रयागराज में नए रिंग रोड के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने की बात कही साथ ही निमार्णाधीन रिंग रोड का निर्माण तेजी के साथ समयावधि में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही गंगा पर नए पुल के निर्माण पर भी मंथन किया। उन्होंने प्रयागराज और आसपास के जनपदों को जोड़ने के लिए सिक्स लेन सड़कों का निर्माण कराने की बात कही।

**दूरदर्शिता के साथ हो रहा विकास :** कहा कि मोदी सरकार आगामी पांच दस साल की नहीं 2047 और उससे आगे के समय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सड़क, ओवरब्रज और पुलों का निर्माण कर रही है। जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय का मानना था कि देश तब तक खुशहाल नहीं हो सकता जब तक समाज की अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण और योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच जाता है। इसलिए भाजपा सरकार अंत्योदय योजना पर कार्य कर रही है। पहले की सरकारें तो खुद ही स्वीकार करती थीं कि वह दिल्ली से एक रुपया भेजती हैं तो गांव में 15 पैसे पहुंचते हैं। बाकी पैसे रास्ते में खत्म हो जाते हैं।

मोदी सरकार ने गरीबों का बैंक में खाता खुलवाया तो विपक्षियों ने इसको मुद्दा बनाते हुए इसकी आलोचना की थी। आज पूरा पैसा गरीबों के खाते में पहुंच जाता है। पीएम मोदी दिल्ली में रिमोट का बटन दबाते हैं और 11 करोड़ गरीबों के खाते में सीधे धन पहुंच जाता है।

## जूस की दुकान में भीषण आग, एसी फटने से हुआ धमाका

**प्रयागराज।** शनिवार रात जूस की मशहूर दुकान में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। जीटीबी नगर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास पहलवान जूस सेंटर है। रात में एसी का कंप्रेशर फटने से धमाके के बाद लपटें उठने लगी। इससे अफरातफरी मच गई। जूस की दुकान पर हमेशा भीड़ होती है। लपटें उठने के बाद लोग दूर भागे। आसपास के लोगों ने पानी डालना शुरू किया।मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भीषण आग में लाखों का सामन जलकर खाक हो गया।करेली के रहने वाले युसूफ की जीटीबी नगर करेली स्थित बैंक आफ बड़ौदा के पास पहलवान जूस कार्नर नाम से दुकान है। इस परिवार की शहर में जूस की कई दुकानें हैं। करेली स्थित दुकान देर रात तक खुलती है। शनिवार रात 9.30 बजे अचानक एसी के पास से धुआं उठने लगा। फिर धमाका हुआ और आग लग गई। आग की लपटें उठने से लोग दूर भागे। पलभर में ही आग ने बड़ा रूप ले लिया। इससे आसपास के साथ ही ऊपर बनी दुकानों में मौजूद लोग घबरा गए और बाहर भाग निकले। सूचना पाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ आरके पांडेय फायरकर्मियों के साथ पहुंच गए। दो फायर टेंडर की मदद से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में सड़क पर बने गड्ढे, पलटी ई-रिक्शा, किराने का सामान खराब



**नैनी।** नैनी न जाने कब सड़क चौड़ीकरण का काम समाप्त होगा और राहगीरों को भारी मुसीबत से राहत मिलेगी। अब सड़क पर गड्ढे जानलेवा साबित होने लगे हैं। गड्ढे में फंस कर वाहन चालक, राहगीर समेत कई लोग घायल होकर हजारों लाखों रुपए इलाज में खर्च करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में नैनी के रामनगर स्थित कैलाश चक्की के समीप रहने वाले सुजीत चौरसिया किराने की दुकान चलाते हैं। वह शनिवार रात्रि प्रहार लगभग 8:15 बजे एक ई रिक्शा पर परचून का सामान लाद कर जा रहे थे। चालक जैसे ही ई रिक्शा लेकर नैनी जंक्शन रोड से होते हुए हनुमान नगर पर पहुंचा तो सड़क के गड्ढे में ई रिक्शा फंस कर पलट गई। जिससे चालक जख्मी हो गए। जबकि हजारों रुपए के किराने का सामान सड़क पर बारिश के पानी में खराब हो गए। हालांकि आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ई रिक्शा को सड़क से हटाकर सिधा किया, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त होने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। स्थानी दुकानदार शरद जायसवाल रमेश केसरवानी श्री कुशवाहा अनिल गुप्ता डॉ मोनू केसरवानी गुलफाम का कहना है कि क्षेत्रीय पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल से मिलकर बात करेंगे की गड्ढे में गिट्टी डलवा दें। ऐसी घटना दोबारा ना हो।

### दक्षिणी लोकपुर में सूखे तालाब की सफाई न होने से लोगों में आक्रोश



**नैनी।** नैनी दक्षिणी लोकपुर में नगर निगम कर्मचारियों की लापरवाही के चलते दक्षिणी लोकपर स्थित तालाब में कई जानवर की मौत हो चुकी है। पूर्व में बना तालाब इस समय सूख गया है। सूखे तालाब में जब भी जानवर पानी पीने के चक्कर में नीचे उतर जाते हैं उसी में फंस करके उनकी मौत हो जाती है। इसकी जानकारी क्षेत्रीय वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने अपने नगर निगम के उच्च अधिकारियों को कई बार सूचित किया लेकिन अभी तक तालाब की सफाई नहीं की गई। आक्रोश व्यक्त करते हुए संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज ने कहा नगर आयुक्त एवं महापौर को तत्काल इस तालाब को साफ करना चाहिए जिससे अनेक जानवर जो मर चुके हैं। आगे से ऐसा कार्य न हो आक्रोश व्यक्त करने वाले में नरेंद्र भारती सामाजिक कार्यकर्ता सुनील प्रजापति शिवलाल प्रजापति चरण यादव जानी यादव हरि यादव कल्लू यादव नाटे भारतीय आजाद भारतीय सामाजिक कार्यकताओं ने तत्काल साफ करने की मांग की है।

### वीआर पब्लिक स्कूल में मनाई गई पुण्यतिथि






**मेजा।** शनिवार को वीआर पब्लिक स्कूल रामनगर में स्वर्गीय देवनारायण द्विवेदी की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें गुरु जी के प्रतिमा को अनावरण कर प्रतिस्थापित किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना के पश्चात मूर्ति को स्थापित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप शशेन्द्र द्विवेदी आरती द्विवेदी डॉक्टर सफीक अहमद रामजीत पाल सुरेश सेठ विद्यालय के डायरेक्टर जनरल नीरज जायसवाल प्रधानाचार्य अजय तिवारी वाइस प्रधानाचार्य सुधीर सर शैलेश रमेश श्रीमती प्रज्ञा मैम डायरेक्टर श्रीमती रागिनी एवं समस्त टीचर स्टाफ तथा विद्यालय के कर्मचारी गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### नाबालिग को अदालत में पेश करने का आदेश

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने थानाध्यक्ष बहरिया को दिया है आदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विपक्षियों के कब्जे में निरुद्ध नाबालिग लड़की को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने 6 अगस्त 2024 को अगली सुनवाई की तिथि नियत की है। न्यायालय ने पीड़ित लड़की की मां की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला ने अधिवक्ता ओमप्रकाश सिंह को सुनकर दिया है।आरोप है कि विपक्षी पीड़िता को बहला फुसला कर अवैध रूप से अपने कब्जे में रखा है। कोर्ट ने थानाध्यक्ष बहरिया प्रयागराज को निर्देश दिया है कि याची पीड़िता को 6 अगस्त को दिन में दो बजे अदालत में पेश किया जाए। अदालत ने तीनों आरोपी युवकों को भी नोटिस जारी किया है।





# नैनी नए पुल से यमुना नदी में कूदी विवाहिता की मिली लाश

अखंड भारत संदेश

**शुक्रवार को पुल से रहागीरों ने पर्स आधार कार्ड और चप्पल का वीडियो बनाकर वायरल किए थे**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में नए यमुना पुल से शुक्रवार को कूदने वाली 25 वर्षीया विवाहिता अर्चना देवी का शव शनिवार शाम नए पुल के नीचे मिला। नैनी पुलिस व जल पुलिस की टीम ने गोताखारों की मदद से शाम को शव यमुना से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक अर्चना का पति पुणे में रहकर नौकरी करता है। अर्चना की गुरुवार को पति से फोन पर बातचीत करते हुए झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

# 86वाँ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फाफामऊ स्थित ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, शनिवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86वाँ स्थापना दिवस मनाया गया । इस अवसर पर श्री धीरज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज तथा अन्य अधिकारियों व जवानों द्वारा प्रातः 10 बजे शहीद स्मारक पर 2295 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में अधिकारियों व जवानों को बताया गया । इस विशेष अवसर पर श्री धीरज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज द्वारा कैंप परिसर के मेंस क्लब में विशेष सैनिक सम्मेलन के माध्यम से केरिपुबल के गौरवशाली इतिहास व भविष्य की चुनौतियों के बारे में अवगत कराया गया तथा सभी कार्मिकों व उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस समारोह की शुभकामनाएँ दी गई । सायंकाल 4 बजे कैम्प परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया । स्वच्छता अभियान के पश्चात श्री धीरज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज के नेतृत्व में कैम्प परिसर के अधिकारियों, जवानों व महिलाओं के साथ बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाकर कैंप परिसर को हरा भरा रखने हेतु वृक्षारोपण किया गया । इस मौके पर कैंप के कार्मिकों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया गया । उक्त कार्यक्रम के दौरान सुनीत कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज, प्रयागराज, उदय प्रताप सिंह, कमाण्डेंट, पी0के0 अटल, उप कमा0, राकेश कुमार त्रिपाठी, उप कमा0, के0के0 झा, उप कमा0/मंत्रा0, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, प्रयागराज सहित कैंप परिसर के सभी अधिकारी व कार्मिकों ने बडी संख्या में जोश और उल्लास के साथ बढ चढ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बाबा नगरिया दूर है जाना बहुत जरूर है



**सहसों।** सावन के पावन महीने में शिव भक्त प्रयागराज के दारागंज स्थित दशाश्मेवघ घाट से गंगाजल भरकर विभिन्न शिवालयों में पैदल यात्रा कर पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक कर मनवांछित फल प्राप्त करते हैं। शनिवार को भारी संख्या में शिवभक्तों ने जल लेकर गौरीशंकर धाम के लिए पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के भोले बाबा की स्तुति ओम नमः शिवाय, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, बाबा नगरिया दूर है जाना जरूर है आदि का उद्घोष कर रहे कांवरिया में नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक शामिल रहे। इस दौरान श्री राम जानकी मंदिर सहसों प्रांगण में विश्राम के पश्चात भोर में ही कांवरियों ने पुनः गंतव्य को जाने के लिए अपनी यात्रा प्रारंभ की। कांवरिए शिव भक्तों ने बताया कि गौरीशंकर धाम पर सोमवार को भोले बाबा का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# मेजा ऊर्जा निगम की अनोखी पहल सलैया कला गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**निगम आस पास के समुदायों के सामाजिक कल्याण हेतु प्रतिबद्ध : डा एके चौधरी**

**स्वास्थ्य शिविर में 37 पुरुष एवं 27 से अधिक महिलाओं की हुई जांच बांटी गई निःशुल्क दवाएं**

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (प्राइवेट) लिमिटेड के आर एंड आर विभाग एवं आरोग्यम चिकित्सालय द्वारा सीएसआर पहल के तहत शनिवार को सलईया कला ग्राम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस शिविर के तहत सलईया कला ग्राम के कुल 60 लोगों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई जिसमें 37 पुरुष एवं 27 महिलाओ से अधिक निवासियों को लाभान्वित किया गया। आरोग्यम अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ एके चौधरी एवं अन्य मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच, परीक्षण और निःशुल्क दवाओं के वितरण सहित कई अन्य प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। मेजा ऊर्जा निगम अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास के समुदायों के सामाजिक कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि इस शिविर से लाभान्वित सलैया कला के ग्रामीणों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर हेतु निगम का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ आधिकारी कर्मचारी गण के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट के तहत बचाई 6 नाबालिग लड़कियों की जिंदगी




**प्रयागराज।** नौकरी दिलाने के बहाने मुंबई लेकर जा रही युवती को प्लेट फार्म नंबर एक पर आरपीएफ टीम ने गश्त के दौरान पकड़ लिया। युवती के साथ रही 6 नाबालिग लड़कियों को उनके चंगुल से छुड़ा लिया। आरपीएफ ने सभी लड़कियों को वन स्टॉप भेज दिया और आरोपी युवती को हिरासत में ले लिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर शिव कुमार सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आहट के तहत ट्रैफिकर पूजा नाम की युवती के चंगूल से 6 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर में दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि उ.नि. विवेक कुमार, उ.नि. नितिन कुमार, मेरी सहेली ड्यूटी में तैनात एल सी टी शानू वर्मा के साथ ऑपरेशन आहट के तहत चलाये गये अभियान में प्लेटफार्म संख्या एक पर गश्त व चेकिंग की जा रही थी। जहां हावड़ा एंड पर 6 नाबालिग लड़कियां डरी सहमी, असहज हालत में दिखी। जिन्हें पास बुलाकर पूछताछ किया गया। जिसके बाद शक होने पर लड़कियों से चाइल्ड लाइन के सदस्य नीतीश शुक्ला व सीमा पाल ने पूछताछ किया। लड़कियों ने बताया की उनके साथ उन्हीं के गांव की एक लड़की पूजा उन्हें बहला फुसला कर अपने साथ रोजगार दिलवाने के नाम पर मुंबई ले जा रही थी। सभी लड़कियां एक ही गांव बासफोर गाजीपुर की है। कोतवाली गाजीपुर से संपर्क कर उक्त लड़कियों के संबंध में जानकारी की है। ट्रेफिकर पूजा के खिलाफ कोतवाली गाजीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## क्षेत्रीय सेवायोजन कार्याल परिसर में रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्याल, प्रयागराज परिसर में दिनांक 30.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 300 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी । इस रोजगार मेले में हाई-स्कूल/इण्टर/स्नातक/आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीयन कराने के उपरान्त सम्बन्धित कम्पनियों में आवेदन कर अपने जॉब कार्ड/रिज्यूम एवं समस्त अभिलेखों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल रोजगार संगम पर प्राप्त कर सकते है। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा। यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन प्रयागराज ने दी है।

## अरैल में आश्रम की 50 साल पुरानी गोशाला ढहाई गई

**नैनी।** नैनी अरैल श्री सच्चा बाबा आश्रम की पुरानी गोशाला को मेला प्रशासन ने जेसीबी से ढहा दी। आश्रम के लोगों ने बताया कि यहां एक दर्जन गोवंश रखे जाते थे। आश्रम के लोगों ने मेला अधिकारी से मामले की शिकायत की है। आश्रम प्रबंधन के अनुसार, लगभग 50 साल पुरानी गोशाला को मेला अधिकारी के निर्देश पर जेसीबी से ढहा दिया गया। आश्रम के लोगों के अनुसार, यह गशाला यज्ञशाला लगभग 1972 में बनवाई गई थी। यहां पुरानी पंजीकृत गोशाला, यज्ञशाला तथा छात्रों के लिए शौचालय बनाया गया था। इसे शुक्रवार को मेला प्रशासन के अधिकारियों ने जबरन ढहाया। जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोशाला और गोवंश बचाने के लिए तमाम योजना संचालित करा रहे हैं। वहीं, मेला के नाम पर 50 साल पुराने गोशाला को जेसीबी लगाकर ढहा दिया।

# शुआट्स में पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नैनी, प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज में उप कृषि निदेशक प्रसार, सोनभद्र द्वारा प्रायोजित ह्यसब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गतह्ल पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद सोनभद्र के चतरा, नगवां तथा राबर्ट्सगंज विकास खण्ड के कृषकों का शनिवार को सभागार, प्रसार निदेशालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक विकास, शुआट्स प्रयागराज प्रो० (डा०) रीतू प्रकाश दूबे ने कृषकों को विभिन्न फसलों के उत्पाद से मूल्य संवर्द्धन व प्रसंस्करण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें रागी, ज्वार, बाजरा, मक्का के आटा को अपने खाद्यान्न में विभिन्न प्रकार से सम्मिलित करते हुए कहा कि इन मिश्रित आटों से बिस्कुट, लड्डू, हलुआ, पंजीरी एवं विभिन्न तरीके से प्रयोग करके अति सूक्ष्म पोषक तत्वों (ऑयरन, जिंक, प्रोटीन, इत्यादि) के अभाव को किसान भाई सदुपयोग कर सकते हैं। निदेशक प्रसार डा० प्रवीन चरन ने फसल की उपज न लेने वाले खाली खेतों में बांस की विभिन्न प्रजातियों का रोपण करने व इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संयुक्त निदेशक प्रसार डा० अरूण कुमार चौरसिया बीज उत्पादन में बीजों के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि उच्च गुणवत्ता वाला बीज सामान्य बीज की अपेक्षा 20-25 प्रतिशत अधिक उत्पादन देता है। प्रशिक्षण समन्वयक डा० टी०डी० मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समन्वयक डा० अरूण यादव, डा० योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा० शिशिर कुमार, डा० सरवेन्द्र कुमार, डा० मदन सेन सिंह, डा० शैलेन्द्र कुमार सिंह व प्रसार निदेशालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायत को पारदर्शी तरीके से किया जाए समाधानः डीएम

## डीएम एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस पर थाना दिलीपपुर में सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना दिलीपपुर में पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये।



दिलीपपुर में थाना समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते डीएम-एसपी।

थाना समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें राजस्व विभाग की प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की 04 टीमें गठित कर राजस्व सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु क्षेत्रों में भेजा और निर्देश दिये कि बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरते अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान जो शिकायतों प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का शत् प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया जाये, किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाये और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रानीगंज, सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशील छात्र-छात्राओं को बीएसए ने किया सम्मानित



मेधावी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते बीएसए भूपेन्द्र सिंह।

### विद्या ज्ञान परीक्षा के मेधावी हुए लाभान्वित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्या ज्ञान परीक्षा 2024 के प्रतिभाशाली छात्रों एवं शिक्षकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने शनिवार को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन बीएसए कार्यालय में किया गया। इस दौरान बीएसए भूपेंद्र सिंह ने विद्या ज्ञान परीक्षा की जनपद टापर चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल लालगंज की अंशिका मिश्रा, इसी स्कूल की दूसरे स्थान पर रही प्रार्थना कौशल व प्रियम मिश्रा को एक हजार रुपये नकद धनराशि व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

इसके अलावा रानी देवी पब्लिक स्कूल लवाना कालाकांकर की श्रेयांशी पुत्री शिव कुमार व प्राथमिक विद्यालय बसिरहा गौरा की अंकिता पाल पुत्री विमल पाल को भी एक हजार रुपये व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं रहती। उनकी प्रतिभा हर क्षेत्र में अपना स्थान बना लेती है। इनकी प्रतिभाओं को निखारना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर पटल सहायक नीरज मिश्र, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, ओम प्रकाश सरोज, श्रवण कुमार राणा आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो पलटने से आधा दर्जन बच्चे घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विद्यालय की छुट्टी होने के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने ले जा रही ऑटो पलटने से आधा दर्जन के करीब बच्चे जख्मी हो गए घायलों को अस्पताल ले गए जहां पर एक बच्चे की हालत नाजुक देख जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया। बता दें कि धौरहरा गांव निवासी नीरज पांडे की बहन का लड़का पीयूष मिश्रा उम्र 12 वर्ष पुत्र सतीश मिश्रा अपने ननिहाल में रहकर अलका कॉन्वेंट उदई शाहपुर में कक्षा 6 का छात्र है शनिवार को ऑटो से अपने विद्यालय गया हुआ था दोपहर विद्यालय की छुट्टी होने के बाद दोपहर के तकरीबन दो बजे वह ऑटो से अपने ननिहाल धौरहरा वापस आ रहा था कि पचौरी तिराहे पर यादव बिल्डिंग मटेरियल के सामने अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई ऑटो पलटने के कारण ऑटो में मौजूद बच्चों में चीख पुकार मच गई आसपास के लोगों ने दौड़ के घायल बच्चों को ऑटो के बाहर निकाला वहां पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा घायल बच्चों को ऑटो से बाहर निकल कर सीएससी अमरगढ़ केंद्र ले जाया गया। शिवांशी, कार्तिक, रूद्र, राघव, देव, को हल्की चोटे आई पीयूष मिश्रा की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज लिए रेफर कर दिया। पीयूष मिश्रा का इलाज जौनपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है।

## मंगलसूत्र लूटकर भागे लुटेरे, एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपुर गांव के पास हाईवे पर दिन दहाड़े दम्पत्ति के साथ छिनैती कर तीन लुटरे मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गये। इस दौरान भाग रहे एक लुटरे को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। छिनैती के दौरान दम्पत्ति बुरी तरह से घायल हो गए। इलाज के लिये उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर महिला को प्रयागराज के लिये रेफर कद दिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस कार्यवाही के बजाय लीपापोती में लगी हुई है।

## नपा के ईओ ने गोशाला, सीवर प्लांट के अलावा कूड़ा पृथक्ककरण केन्द्र का किया निरीक्षण, कर्मचारियों का दिया दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के नवागत अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार ने कल शाम नगर पालिका के कर्मचारियों से अपने कार्यालय में परिचय प्राप्त करने के बाद आज सुबह से ताबड़तोड़ कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण करना शुरु कर दिया।

आज प्रातः महुली स्थित कूड़ा पृथक्करण केन्द्र, कान्हा गोशाला बराछा तथा शहर के सई नदी के पास बने सीवर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण किया। ईओ के निरीक्षण में उनके साथ नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह तथा सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह शामिल थे। बताया जाता है कि आज प्रातः ईओ सबसे पहले कूड़ा पृथक्करण केन्द्र महुली पहुंचे जहां उपस्थित कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय लोगों से यहां के केन्द्र के बारे में जानकारी ली। उसके बाद बराछा स्थित गोशाला का विधिवत निरीक्षण किया। पशुओं को दिये जाने वाले चारा और पानी की व्यवस्था देखा और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरुरत बताई। ईओ राकेश कुमार का काफिला सई नदी के किनारे सीवर प्लांट की ओर बढ़ा। सीवर प्लांट पर मौजूद आपरेटर नागेन्द्र से उन्होंने पूछा कि कितने समय यह प्लांट डीजल से और कितने समय इसका संचालन बिजली से किया जाता है। उन्होंने कर्मचारियों को यहां के बारे में भी कई महत्पूर्ण निर्देश दिये। ईओ के निरीक्षण में कर्मचारी सतर्क दिखाई दिये।



गोशाला का निरीक्षण करते ईओ राकेश कुमार।

# रूपये का भाव सर्वाधिक निचले स्तर पर होना चिन्ताजनकः प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने डालर के मुकाबले भारतीय रूपये सर्वाधिक निचले स्तर पर होने को लेकर कडी चिन्ता जतायी है। उन्होने कहा कि आज वर्तमान में एक डालर के मुकाबले भारतीय रूपया अपने न्यूनतम स्तर 83.74 पर पहुंच गया है।



लालगंज में प्रेसवार्ता करते सांसद प्रमोद तिवारी

उन्होंने कहा कि सर्वे में आर्थिक विशेषज्ञों ने पहले ही आशंका जतायी थी कि देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो रही है। उन्होनें कहा कि केन्द्र सरकार के बजट पेश होने के बाद रूपये के भाव में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि डालर की तुलना में भारतीय रूपये का अब तक का यह सबसे निचला स्तर है। उन्होनें कहा कि इससे हमारे आयात पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा। वहीं उन्होनें कहा कि कच्चा तेल सहित कई जरूरी चीजों की कीमतें भी बढ़ जाने से देश की बाजार और नागरिकों को मंहगाई की बड़ी मार झेलनी पड़ेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक रूपये की कीमत कम न हो पाये इसके लिए वह अपनी पूरी ताकत के साथ मदद कर रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस प्रयास के बावजूद स्थिति रिजर्व बैंक के भी नियंत्रण से बाहर चली गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार झूठ बोलना बंद करे और हर कीमत पर वास्तविकता का सामना करे। वार्ता के दौरान पीसीसी सदस्य प्रशान्तदेव शुक्ल, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल मौजूद रहे।

## सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स ने की नारेबाजी

**प्रतापगढ़।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रतापगढ़ के द्वारा शनिवार को संघर्ष कार्यक्रम के छठवें दिन काला फीता बांधकर प्रमुख अभियंता परियोजना के खिलाफ नारेबाजी की गई और मंत्री जल शक्ति मंत्रालय को प्रदेश के प्रत्येक जूनियर इंजीनियर द्वारा पोस्ट कार्ड लिखकर ध्यानाकर्षण का कार्यक्रम किया गया। जनपद अध्यक्ष शिवपूजन की अध्यक्षता में जनपद सचिव रवि शंकर सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन हुआ जिसमें शिवपूजन, रवि शंकर सिंह, अभयराज यादव, जितेंद्र कुमार, सुरेश कुमार पटेल, रमाशंकर भट्ट, जीतेश यादव, कोमल, अजय तिवारी, रवि प्रकाश, गोविंद राज, बृजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में छात्राओं को वितरित हुआ टेबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी कॉलेज के परिसर में विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 240 छात्राओं का टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 नेहा सिंह, कु0 मुस्कान गुप्ता एवं कौशकी पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने कहा कि आज हमारी बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ऊपर है और मुख्यमंत्री युवा सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वित्तविहीन शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, बृजेश द्विवेदी, सदस्य तदर्थ शिक्षक संघ उपस्थित रहे। अतिथियों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ नीलिमा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संयोजन विशेष रूप से डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, विनय कुमार सिंह, रईस अहमद, अज़मत अली, डॉ0 प्रभा भारती, ज्योति सिंह, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, संतोष कुमार मिश्रा, प्रशान्त, आरती श्रीवास्तव, डॉ0 ए0के0 शर्मा, आरती विश्वकर्मा ने किया।



छात्राओं को टेबलेट देते एमएलसी उमेश द्विवेदी।

# बच्चा पासी का संबंधी होने का हवाला देकर दी धमकी, ऑडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो दिन पूर्व कार खरीददार को कार बेचने वाले युवक ने फोन पर धमकी दी। खुद को धमकी देने वाला युवक छोटा राजन का करीबी बच्चा पासी के खानदान का बता रहा हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। बता दें कि आजमगढ़ जनपद के बंढ़नपुर तहसील के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुबाने गांव निवासी अरुण सोनकर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पट्टी खास निवासी एक युवक ने उन्हें स्विफ्ट कार बेची थी। कार पर लोन न होने की बात बताई गई थी। कार के एवज में तीन लाख 60 हजार रुपए लिए गए थे, जिनमें से दो लाख ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हुआ था। बाकी पैसा नगद दिया गया था। जब कार की हकीकत खगाली गई तो इस पर लोन निकाला। खरीदार ने जब विक्रेता के पास फोन किया तो आरोप है कि उसने मोबाइल फोन पर खुद को छात्र संघ अध्यक्ष और छोटा राजन के करीबी बच्चा पासी के खानदान का बताकर गालियां देते हुए धमकी दी। जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पट्टी कोतवाली में की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# छात्र-छात्राएं टैबलेट के खूबियों का करें भरपूर उपयोगः प्राचार्य

## प्रताप बहादुर पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को वितरित हुआ टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर पीजी कॉलेज में शनिवार को शासन के द्वारा निर्धारित स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को डिवाइस के सदुपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार कि यह योजना उच्च शिक्षा के लिए छात्र-छात्राओं के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है।



टैबलेट के साथ छात्र-छात्राओ के बीच शिक्षकगण।

इस कार्यक्रम के नोडल प्रभारी प्रोफेसर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने बताया कि महाविद्यालय को शासन के द्वारा कल 412 डिवाइस प्राप्त हुई है, जिसमें 300 डिवाइस संस्थागत विभिन्न विषयों के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए एवं 112 डिवाइस राजार्शी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए हैं। आज महाविद्यालय में सभी पात्र छात्र-छात्राओं को इस योजना से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर राजीव सिंह, प्रोफेसर उपेंद्र सिंह, डॉक्टर देवेश सिंह, डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, डॉ प्रणव ओझा, महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, डॉक्टर अखिलेश मोदनवाल, डॉ वंदना सिंह, डॉक्टर कुलदीप, जितेंद्र कुमार सैनी, डॉ भूपल सिंह, विनय सिंह, अवनीश सिंह, संकल्प सिंह, विनोद मौर्य, बालेंदु भूषण सिंह, संदीप मौर्य, प्रमोद मौर्या, उपमन्यु शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## कंटेनर की टक्कर से हाई वोल्टेज पोल टूट कर गिरा, मची अफरा तफरी

### ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत कर्मी मौके पर पहुंचे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ।** तहसील क्षेत्र के विरौती गांव में तिरुपति गेट से मकर मनभवना मार्ग पर सड़क के किनारे लगे 11000 वोल्टेज लाइन के पोल में कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पोल टूट कर गिर गया। वहां आस-पास मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। पट्टी तहसील क्षेत्र के विरौती गांव के मकरा मनभवना शुक्रवार की देर शाम सड़क के किनारे लगे 11000 हाई वोल्टेज का पोल लगा हुआ था। इस दौरान जल निगम का कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे आधा दर्जन पोल टूट कर गिर गया। वहां पर लगा ट्रांसफॉर्म जमीन पर गिर गया अच्छा ये था कि जिस समय यह घटना हुई उस समय विद्युत की सप्लाई नही थी जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया और वहां पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर विद्युत सप्लाई बंद कर विद्युत कर्मी भी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। जहां एक तरफ किसान अपने धान की रोपाई के लिए रात दिन जाग जाग कर पानी की व्यवस्था कर रहा था वैसे भी इस फीडर पर जितने उपभोक्ता है लो वोल्टेज की परेशानी वैसे भी झेल रहे हैं जहां शासन किसान के लिए विद्युत की सप्लाई के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने की बात कही है लेकिन हरीपुर बरदैता के कर्मचारियों के संज्ञान के बावजूद भी किसान दुर्दशा झेल रहा है एक तरफ जहां इंद्र देवता का प्रकोप किसानों पर भारी पड़ रहा है वहीं विद्युत सप्लाई सही ढंग ना होने से किसान अपने खेतों की रोपाई नहीं कर पा रहा है और रात दिन जाग जाग कर परेशान हो रहा है अब देखना है की इसकी व्यवस्था कब सुचारू रूप से संचालित होती है इस व्यवस्था से किसानों एवं उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है।

### बारजा निकालने के विवाद को लेकर तीन को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ।** विवादित जमीन पर बारजा बना रहे थे जिसका विरोध करने पर पड़ोसियों ने मां बेटी व बेटे को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव की रहने वाली शोभा देवी ने तहरीर देकर आरोपित किया है कि उसके जमीन का विवाद पड़ोसियों से काफी समय से चला रहा है। जिस पर पड़ोसियों द्वारा मकान में बारजा बना रहे थे। मना करने पर शुक्रवार की देर रात उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आई बेटी प्रीती को भी लाठी डंडों से पीटने लगे। बेटा सत्यांश बीच बचाव करने आया तो उसे भी लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। मार-पीट के दौरान मां बेटी व छोटा सा मासूम घायल हो गया। पीड़िता ने मामले की सूचना 112 पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद घायल को अस्पताल लेकर आए। इलाज के बाद पीड़िता ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अवधी कहानी संग्रह लाल बुझक्कड़ क़ा हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री द्वारा विरचित अवधी कहानी संग्रह लाल बुझक्कड़ का लोकार्पण रामपुर कुर्मियान में किया गया।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि लाल बुझक्कड़ कहानी संग्रह अवधी साहित्य की एक अमूल्य व अनूठी निधि साबित होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्वारा अलंकृत डॉ0 राम बहादुर मिश्र ने कहा कि साहित्य समाज का पथ प्रशस्त करने का कार्य करता है और लाल बुझक्कड़ कहानी संग्रह निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगा। अति विशिष्ट अतिथि डॉ0 अर्जुन पांडेय ने कहा कि लाल बुझक्कड़ अप्रतिम कहानियों का अनूठा संग्रह है। साहित्य भूषण हरीलाल मिलन व विज्ञान भूषण विजय चितौरी ने लाल बुझक्कड़ को अवधी साहित्य का एक नायाब तोहफा बताया।



कहानी संग्रह का लोकार्पण करते मुख्य अतिथि व अन्य।

रोशनलाल ऊमर वैश्य, रामप्यारे, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, राजीव आर्य, शाहिदा, प्रदीप चित्रांशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने किया। कार्यक्रम में बेचनलाल गुप्ता, लखन प्रतापगढ़ी, अमरनाथ सिंह, अमरनाथ गुप्ता बेजोड, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, शशि मौर्य, सूरज आदि मौजूद रहे।

# महिला को टक्कर मार पिकप नाले में गिरा,महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज शनिवार सुबह एक पिकप वाहन महिला को टक्कर मारते हुए नाले में गिर गया हादसे में घायल महिला की अस्पताल में मौत हो गई ,पिकप चालक भी घायल हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक राजेंद्र केसरवानी अर्से से परिवार सहित अझुवा में किराए के मकान में रहते हैं निहायत गरीब परिवार है लकड़ी के छोटे सामान चारपाई का पावा, पीढ़ा आदि बेंचकर गुजर बसर करते हैं आज सुबह उनकी पत्नी मंजू देवी उम्र तकरीबन 40 वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग में लगे फूल वाले पौधों से फूल तोड़कर घर जा रही थी प्रयागराज से कानपुर जाने वाले मार्ग पर अझुवा बस्ती के पास सड़क पार करते ही पीछे से पिकप वाहन की टक्कर लगने से वह दूर नाले में गिर गई अनियंत्रित पिकप भी नाले में गिर गया। सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने गंभीर घायल महिला और पिकप ड्राइवर को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया जहां उपचार के दौरान महिला मंजू की मौत हो गई महिला के एक पुत्र और 2 पुत्रियां है मौके पर कोहराम मचा है राहगीरों ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थी जिससे बोलेरो पिकप वाहन चालक धीमा हो गया तभी पीछे से अज्ञात कंटेनर ने पिकप को टक्कर मारा जिससे यह हादसा हुआ है।पिकप ड्राइवर फतेहपुर जनपद के नूरपुर का लवलेश पुत्र रामपाल बताया जा रहा है,पुलिस कागजी कार्रवाई में जुटी हुई है।

**तेजगति कंटेनर ने पीछे से पिकप को टक्कर मारा जिससे यह हादसा हुआ है, पिकप चालक घायल**



## सड़क पर जा रही महिला को ऑटो ने मारी टक्कर दर्दनाक मौत



**महगाव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सड़क किनारे जा रही महिला को शुक्रवार की रात्रि 8:30 बजे तेज गति अटो ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे महिला सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर घायल हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए लेकिन तब तक देर हो चुकी थी महिला की तड़प तड़प कर मौत हो गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ऑटो चालक का नंबर लोगों ने देख लिया है पुलिस को सूचना दिया है लेकिन मौके से ऑटो चालक फरार हो गया है बताया जाता है कि जिस ऑटो से दुर्घटना के बाद मौत हुई है उस चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है जिससे पुलिस और परिवहन विभाग पर भी सवाल खड़े हो गए हैं कि कैसे बिना लाइसेंस के चालक वाहन को सड़क पर दौड़ते हैं और दुर्घटना को बढ़ाते हैं जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोहिद्दीनपुर निवासी सीमा देवी पत्नी हरिश्चंद्र शुक्रवार की रात्रि 8:30 बजे सड़क पर जा रही थी जैसे ही वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंहगांव के पास पहुंची तेज गति ऑटो ने अचानक पीछे से सीमा देवी को टक्कर मार दिया जिससे सीमा देवी सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गयी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई दुर्घटना के बाद ऑटो चालक अभिलाष ऑटो लेकर फरार हो गया बताया जाता है कि वह महगाव का रहने वाला है सूत्रों की माने तो ऑटो चालक के पास लाइसेंस नहीं है लेकिन फिर भी गलत लाइसेंस पर या बिना लाइसेंस के सड़क पर वाहनों में सवारी भरकर चालक फरार्टे भरते हैं जिससे सड़क पर दुर्घटनाएं बढ़ती हैं महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है

## छिनैती की घटना में लापरवाही बरतने पर 2 आरक्षी निलंबित

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली इलाके में सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाश महिला के गले से मंगलसूत्र छीन कर भाग निकले। पीड़िता शिकायत लेकर शहजादपुर चौकी पहुंची तो बीट आरक्षियों ने उसे वापस कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। गुरुवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने दो बीट आरक्षियों को निलंबित करते हुए प्रकरण की प्रारंभिक जांच सीओ कौशाम्बी को सौंप दी है। बता दें कि कड़ा धाम थाना क्षेत्र के म्योहरा निवासी श्रीनाथ पत्नी मालती देवी व बेटे मुकेश कुमार के साथ बाइक से सोमवार की सुबह बरक्कतपुर गांव रिश्तेदारी जा रहा था। कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ हाइवे पर मूरतगंज की तरफ जा रहे अपाचे सवार दो युवकों ने पीछे से बाइक के नजदीक पहुंचकर मालती देवी के गले में पड़े मंगलसूत्र की खींच कर भाग निकले। घटना के बाद महिला शहजादपुर चौकी गई जहां पर महिला ने आरक्षी विमल कुमार व सोनू यादव से शिकायत की। बावजूद आरक्षियों ने न तो कंट्रोल रूम को सूचना दी और न ही उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। इतना ही नहीं लुटेरों की धड़ पकड़ के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया गया। देर रात पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने आरक्षी विमल कुमार व सोनू को सस्पेंड करते हुए प्रारंभिक जांच क्षेत्राधिकारी कौशांबी को दी है।

# एमजीएम कौशाम्बी प्रेसीडेंसी स्कूल में भव्य बैज अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश


**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एमजीएम कौशाम्बी प्रेसीडेंसी स्कूल में आज एक विशेष और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बैज अलंकरण समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों के लिए बैज प्रदान किए गए, जिनमें स्कूल कैप्टन का पद कृपा शंकर क्लास 12 बायो,स्कूल कैप्टेन गर्ल्स नित्या केशरवानी, हेड बॉय का पद वैभव केशरवानी क्लास 12 कॉमर्स, हेड गर्ल का कृतिका कौशल क्लास 12, स्पोर्ट्स कैप्टन का पद दीपू गुप्ता क्लास 12 कॉमर्स (ब्वॉयज), गर्ल्स स्पोर्ट्स कैप्टन का पद ओजस्वी साहू , डिसिप्लिन कैप्टन ब्वॉयज मो.फराज, डिसिप्लिन कैप्टन गर्ल्स सृष्टि त्रिपाठी,12 ह्यूमैनिटीज, एक्टिविटी कैप्टन ब्वॉयज रुद्रांश तिवारी क्लास 12 एक्टिविटी कैप्टन आकृति द्विवेदी क्लास 12 कॉमर्स, को दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सीमा पवार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को उनके नए उत्तर दायित्वों के लिए बधाई दी और उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने पद का पालन करने की प्रेरणा दी। बैज



प्रदान करते समय, विद्यार्थियों के चेहरों पर गर्व और उत्साह स्पष्ट रूप से दिख रहा था। हेड बॉय और हेड गर्ल ने अपने अनुभव और भावनाओं को व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इसके बाद स्पोर्ट्स कैप्टन और हाउस कैप्टन ने भी अपने विचार साझा किए और स्कूल की प्रगति में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। बैज समारोह के बाद एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में नृत्य, गायन, नाटक और कविता पाठ जैसी विविध प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों ने रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए नृत्यों ने भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का संगम दिखाया। विद्यार्थियों के गायन ने माहौल को और भी मधुर बना दिया। नाटकों ने समाजिक मुद्दों को उठाते हुए दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कविता पाठ में विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त किया, जिससे सभी प्रभावित हुए। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रशंसा की और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अपने अभिभाषण के दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि निश्चित तौर पर इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है इसके अलावा उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा को भी उजागर करता है एमजीएम कौशाम्बी प्रेसीडेंसी स्कूल ने इस समारोह के माध्यम से शिक्षा और संस्कार का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर ने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी, जिससे वे अपने लक्ष्य की ओर और भी अधिक समर्पित होकर आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी ने इस यादगार दिन को संजोते हुए घर की ओर प्रस्थान किया।कार्यक्रम के दौरान रूपांजलि अरोरा,शशांक श्रीवास्तव ,मधुबन पटेल ,दीपक खरवार , विकास सर ,सौरभ सिंह ,नारायण जी , संस्कृति त्रिपाठी, श्रवण आदि शिक्षक एवं शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# जनपद कौशाम्बी में पहला एवम आधुनिक मशीनों से लैस होगा बृजेश मेमोरियल अस्पताल

**68 सी सी कैमरे के निगरानी में रहेंगे मरीज एवं उनके तीमारदार**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड़ स्थित बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया एवम हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन मयंक केसरवानी द्वारा जनपद वासियों के लिए दिन प्रतिदिन नए नए प्रयोग करके अपने सभी गरीब मजलूम मरीजों के लिए नई नई सुविधा देकर मरीजों की समस्या का निदान करने में लगे हुए है इसके पहले डॉ मयंक द्वारा किसी भी तरह से मरीजों का हाथ पैर टूटने पर अपने अस्पताल में सस्ता सुलभ तरीके से ऑपरेशन कर मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य करते आ रहे है वही गंभीर से गंभीर तरह का ऑपरेशन कर लोगो को सुख चैन देने का कार्य किए है 'ऐसा ही एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने पैतालिस फुट चौड़ा एवम दो सौ फुट लंबाई वाले इस अस्पताल में अड़सठ सीसी कैमरा लगा कर लोगों को आशार्य चकित कर दिया। इतना ही नहीं उक्त अस्पताल में सबसे बडी बात तो यह है कि बेड टू बेड मरीजों के बेड पर भी सी सी कैमरा लगा कर बहुत ही सराहनीय कदम उठाने का कार्य किया है इतना ही नहीं यह अस्पताल अपने आप में गौरवशाली माना जा रहा है सबसे बडी बात तो यह है की इस सी सी कैमरा का रिमोट भरवारी के साथ साथ दिल्ली से भी संचालित किया जाएगा इस बीच अस्पताल के सभी कर्मचारियों के उपर तथा मरीजों के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण एवम चप्पे चप्पे पर चौकसी अस्पताल के कर्मचारियों की जिम्मेदारी होगी यह अस्पताल जनपद कौशाम्बी में अपने आप में अनोखा एवम आधुनिक मशीनों तथा साफ सफाई से परिपूर्ण है ' इस अस्पताल को बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया एवम चिकित्सक मयंक द्वारा दिन प्रतिदिन नए नए प्रयोग करके जनपद वासियों के लिऐ उपहार से कम नही हैं 'उक्त अस्पताल के प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने बताया है कि शीघ्र ही अस्पताल में वह सुविधा सुलभ कराई जाएगी जिसकी आपने कभी सोचा भी नही होगा।

## सरकारी जमीन पर किया जा रहा कब्जा

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के पेरई गांव में ग्रामसभा की सरकारी जमीन पर दबंग अवैध कब्जा कर रहा है ग्रामसभा की जमीन पर हैण्डपम्प बोर किए जाने की ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी चायल से दो दिन पहले शिकायत कर आरोप लगाया मौके पर पहुचे हल्का लेखपाल ने काम को रुकवा दिया है इसके अलावा भी कई सरकारी जमीनों पर कब्जे हैं सरकारी जमीन के कब्जे के मामले में लगातार लापरवाही बनी हुई है जानकारी के मुताबिक पेरई गांव की आरजी संख्या 368 ख जो कि राजस्व अभिलेखों में ग्रामसभा की जमीन दर्ज है बताया जाता है कि गांव के ही कल्लू केशरवानी अवैध कब्जा कर रहे है मामले की दो दिन पहले शिकायत हुई थी जिस पर लेखपाल ने तत्काल तो काम रुकवा दिया है लेकिन सवाल उठता है कि आखिर सरकारी जमीन को अपनी जमीन समझकर लोग कब्जा कर रहे हैं तहसील क्षेत्र के कई गांव में तमाम जमीनों पर कब्जा है इतना ही नहीं ससुर खजरी नदी की जमीन में भी कब्जा कर प्लांट बिक रहे हैं और तहसील प्रशासन मामले को संज्ञान नहीं ले रहा है।

## अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका भरवारी को कार्य में लापरवाही बरतने पर डीएम ने जारी की चेतावनी

**शिकायतों की पुनरावृत्ति होने की दशा में संचालित की जायेगी कड़ी कार्यवाही**

**भरवारी कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राम सिंह-अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, भरवारी कौशाम्बी को निहित प्राधिकारों व शक्तियों के प्रतिकूल कार्य करते हुए लोक उपयोगिता के कार्य करने व कराने में अभिरूचि नहीं रखने, क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न करने व तालाबों में गन्दगी को दूर करने का कोई प्रयास नहीं करने व कार्यों में लापरवाही बरतने पर चेतावनी जारी करते हुए उन्हें अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन करने के लिए कहा है। उन्होंने श्री राम सिंह को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादन कराये जाने व जनसामान्य की आवश्यकताओं पर विशेष प्राथमिकता देने के लिए कहा है। कहा कि शिकायतों की पुनरावृत्ति होने की दशा में आपके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही संचालित की जायेगी।

## उमरछा गांव में फर्जी निवास पर आशा बहू की नियुक्ति की शिकायत


**कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरछा में आशा बहू के पद पर अमिता यादव का चयन कर लिया गया है उमरछा गांव की रीता कुशवाहा ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अमिता यादव की लालपुर गांव पंचायत के रसूलपुर बदले में उनकी ससुराल है उनका चयन फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे गलत तरीके से किया गया है शिकायतकर्ता रीता कुशवाहा का कहना है कि वह इस पद के लिए योग्य है लेकिन उन्हें प्राथमिकता नहीं दी गई है और गलत तरीके से पीएचसी प्रभारी मूरतगंज द्वारा नियुक्ति की गई है गलत नियुक्ति की जांच कराई जाए और फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे नियुक्ति पाने वाली अमिता यादव की नियुक्ति निरस्त कर पीएचसी प्रभारी मूरतगंज के कारनामों की जांच करा कर उन्हें भी दंडित किया जाए तथा अमिता यादव को 28 जुलाई से दिए जाने वाले प्रशिक्षण को तत्काल रोका जाए।

# सम्भव अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सीडीओ ने की बैठक

**गर्भवती का वजन एवं ऊंचाई मापी जाय अगर वजन 45 किलोग्राम और ऊंचाई 145 सेमी से कम है तो पोषण जोखिम चिन्हित किया जाए**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा कार्यालय कक्ष में सम्भव अभियान, 2024 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में मुख्य विकास ने बताया कि सम्भव अभियान के चतुर्थ चरण मुख्यतः दो थीम सैम बच्चों के समुदाय आधारित प्रबंधन एवं मातृ पोषण पर केन्द्रित रहेगा। सम्भव अभियान माह जुलाई, 2024 से सितम्बर, 2024 तक जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर मनाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को सकुशल सम्पन्न कराये। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं का ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा वजन एवं ऊंचाई मापी जाय, अगर गर्भवती महिला का वजन 45 किलोग्राम और ऊंचाई 145 सेमी से कम है तो उस स्थिति में गर्भवती महिला को पोषण जोखिम चिन्हित किया जाय। इसी प्रकार महिला का हीमोग्लोबिन 11 प्रतिशत



से कम है तो उसे एनीमिक श्रेणी में चिन्हित किया जाय एवं ऐसी अवस्था में गर्भवती महिला को ए0एन0एम0 द्वारा आवश्यक दवा उपलब्ध करायी जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा पोषण पंचायत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा समुदाय से चयनित लोगों को आमंत्रित करते हुए उन्हें पोषण देखभाल, साफ-सफाई सम्बन्धी व्यवहार तथा कुपोषण के कारकों पर जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान व समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक/शिक्षिका आशा व ए0एन0एम0 को भी आमंत्रित किया जाएगा। ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा गृह भ्रमण के माध्यम महिलाओं एवं बच्चों को फॉलोअप किया जायेगा। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों के परिवारों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक माह कम से कम एक बार स्कूलों में पोषण परामर्श सत्र का आयोजन किया जायेगा। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों के परिवारों को पात्र गृहस्थी के मानकों के आधार पर राशन कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी को सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में कायाकल्प के अन्तर्गत द्वितीय चरण में चयनित 75 ऑगनबाड़ी केन्द्रों को प्राथमिकता के आधार पर 18 मूलभूत अवस्थापना से संतृप्त करने के लिए सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सचिव एवं ग्राम प्रधान को ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से संतृप्त कराये जाने के निर्देश दिये गये इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## निःशुल्क विद्युत चालित चाक योजनान्तर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्रशेखर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में परम्परागत माटीकला के कामगारों के लिए निःशुल्क टूल-किट्स (विद्युत चालित चाक) वितरण किये जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। योजनान्तर्गत माटीकला टूल-किट्स प्राप्त करने के लिए इच्छुक पुरूष/महिला (परम्परागत कारीगर) जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष तक हो वेबसाइड पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। आवेदन किये गये प्रिन्ट आउट की कॉपी दिनांक 10 अगस्त .2024 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकतें हैं, अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेंगा। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मंझनपुर में संपर्क कर सकतें हैं।

## न्यूज झरोखा

### नायब तहसीलदार संजय सिंह व एसओ कोखराज इंद्रदेव ने सुनी फरियाद



**कोखराज कौशांबी।** समाधान दिवस में नायब तहसीलदार संजय सिंह एसओ कोखराज इंद्रदेव व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आम जनमानस व फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का सम्बधित क्षेत्र के लेखपालों को आदेशित किया समाधान दिवस के मौके पर 10 मामलें आये जिसमें 6 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर एसओ कोखराज इन्द्रदेव, चौकी प्रभारी भरवारी अभिषेक गुप्ता,चौकी प्रभारी शहजाद पुर सियाकांत चौरसिया व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह,लेखपाल लोकनाथ पांडेय, दिलीप कुमार,देवेंद्र सिंह, सुमित केशरवानी,कृष्णा नन्द, ज्ञान पाल, ,नित्या पाल, अनुराधा वर्मा पूनम मौर्या पवन सिंह,अमन सिंह,धीरेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### भवंस मेहता विद्याश्रम में शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया और कहा इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में गाना गाने की उत्सुकता जागृत होती है उनके अन्दर का डर भी खत्म होता है प्रतियोगिता निम्न वर्गों में हुई–सीनियर वर्ग– में स्मृति केसरवानी प्रथम, शिवांगी तिवारी दितीय एवं दीपू सिंह एवं फरहीन ताज क्रमशः तीसरा स्थान प्राप्त किया।एल0 के0जी0 एवं यूकेजी में अधिशिरी प्रथम प्रतीछा दितीय माही तृतीय रहीं।कछा 1एवं 2 में अंश्वी प्रथम सात्विक दितीय एवं आस्था तृतीय रहीं।क्लास 3,4,5 में श्रेयांस यादव प्रथम रिवाज केसरवानी दितीय एवं ओम केसरवानी तृतीय रहे प्रतियोगिता में निर्णायक नागेंद्र द्विवेदी, शिवम केसरवानी,खुशबू, सुधाकर सिंह, सुशील श्रीवास्तव आदि सभी ने आनन्द लिया संचालन दीपांशी गुप्ता ,निष्ठा केसरवानी ने किया।

### 1500 की आबादी में पानी सप्लाई 2 दिन से ठप,पानी टैंकर से हो रही सप्लाई



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत वार्ड नंबर 11 नेता नगर की पानी सप्लाई बीते 2 दिन से ठप पड़ी है स्थानीय निवासी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं जिन घरों में जनरेटर और समर सेबल बोर है उन घरों से लोग अपनी पानी की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं नगर प्रशासन वाटर टैंकर से पानी सप्लाई कर रहा है।इस संबंध में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया वार्ड में एक मिनी सप्लाई पानी टंकी से डायरेक्ट सप्लाई दी जा रही है लो वोल्टेज की समस्या से मोटर नहीं चल पा रही स्टेबलाइजर भी लगाया गया किंतु वोल्टेज नहीं बढ़ने से मोटर नहीं चलती है वार्ड में जनरेटर चलवाकर पानी टैंकर से पानी सप्लाई दी जा रही है।विद्युत जेई ने कहा मामला संज्ञान में नहीं था यदि वोल्टेज कम आ रहा है शीघ्र ही लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जायेगा।

### भारतीय स्टेट बैंक लाइफ योजना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में 26 जुलाई को ह्यभारतीय स्टेट बैंक लाइफ योजना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी का उदघाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी एवम सुधीर कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक लाइफ ने सँयुक्त रूप माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवम दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो0 शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि हमारी जरूरते और बचत जीवन में बहुत बड़ी भूमिकाएं अदा करती है। हम सभी को अपने जीवन में कभी न कभी लोन लेने के लिए बैंक के पास जाना होता है। हम आपने आगामी जीवन को कैसे सुखमय बनाएं और तनाव रहित रखें।इसी क्रम में श्री सुधीर कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज मंडल ने कहा कि एसबीआई लाइफ के पास 1 साल से लेकर 20 तक की विभिन्न योजनाएं हैं। हम जब भी बैंक में इंश्योरेंस कराए तो लाइफ कवर अवश्य रखें। हम प्लान लेते समय अपनी इनकम को अवश्य ध्यान में रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 अनिल कुमार सोनकर प्रोफेसर दर्शनशास्त्र, डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, गणित, डॉ0 नीलम बाजपेयी असिस्टेंट प्रोफेसर,जंतु विज्ञान,डॉ0 भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान, डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास,डॉ0 तारित अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी, डॉ0 आनंद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, सँस्कृत, डॉ0 रमेश चन्द्र असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य, डॉ0 शैलेश मालवीय असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य एवम कार्यालय कमचार्री आदि उपस्थित रहे।

### कारागार राज्य मंत्री का आगमन आज

**कौशांबी।** कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही का आगमन 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे कौशांबी जनपद में हो रहा है 01 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं के साथ कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही बजट पर चर्चा करेंगे उसके बाद राज्य मंत्री कारागार काशीराम गेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे और उसके बाद वापस लखनऊ के लिए लौट जाएंगे।

### कारगिल विजय दिवस पर भवंस मेहता महा विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**वीर शहीद सैनिकों की सुनाई गई वीर गाथाएं**

**भरवारी कौशाम्बी।** कारगिल विजय दिवस भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में मनाया गया। कारगिल दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर ऑपरेशन विजय के हिस्सा रहे पूर्व वायु सैनिक महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सी पी श्रीवास्तव ने अपना अनुभव साझा किया उन्होंने यह बताया कि किस तरह से कारगिल का युद्ध एकविषम परिस्थिति में लड़ा गया युद्ध था यह युद्ध अपनी भूमि पर ही घुसपैठियों को भागने के लिए लड़ा गया था, कारगिल के विभिन्न सेक्टरों का विवरण देते हुए टाइगर हिल जीतने के लिए हुए दुर्घर्ष लड़ाई का जिक्र भी उन्होंने किया। कैप्टन विक्रम बत्रा कैप्टन मनोज कुमार पांडे आदि अमर शहीदों का जिक्र करते हुए इन शहीदों द्वारा किए गए अप्रतिम बलिदान को याद किया ।उन्होंने कहा कि। कारगिल की इन विजेताओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी जब हम अपने अंदर उनकी तरह ही देश प्रेम का भाव रखें और अवसर आने पर अपना अपना सर्वस्व देश के लिए न्योछावर कर दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी कैडेट में अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा आवश्यक रूप से होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह जरूरी नहीं कि हम सैनिक बनेंगे तभी हम देश सेवा करेंगे,देश सेवा करने के लिए हम अपने देश के प्रति प्रेम रख सकते हैं और कई तरह से देश की सेवा कर सकते हैं।इस अवसर पर प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने अपने विचार अभिव्यक्त किया और एन.सी.सी. के बच्चों को अनुशासन और देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में सबसे ऊपर रखने की बात कही इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी दीपक कुमार ने बच्चों को सेना में अनुशासन कर्त्तव्य परायणता, त्याग और बलिदान के महत्व को बताया।

संपादक की कलम से

# धर्म के नाम पर बाबाओं का बढ़ता शिकंजा, अंधभक्ति कितनी सही ?

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई दुर्भाग्यपूर्ण और दिल दहला देने वाली घटना, उस समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोरने वाली है, जो स्वयंभू दैवीय व्यक्तियों को बहुत सम्मान देता है. इस घटना में एक कांस्टेबल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मची भगदड़ में लगभग 120 लोगों की मौत हो गई. यह सच है कि यह एक प्रशासनिक विफलता थी, जिसके लिए, जवाबदेही तय की जानी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए. लेकिन देश भर में स्वयंभू दैवीय व्यक्तियों की बढ़ती संख्या से जुड़ा बड़ा मुद्दा गंभीर चिंतन की मांग करता है. समाज उन्हें दैवीय शक्ति से युक्त या अलौकिक शक्तियों से संपन्न होने का जो उच्च दर्जा देता है, वह विचलित करने वाला है. भोले-भाले लोगों पर इन बाहुबलियों का लगभग सम्मोहक प्रभाव आंशिक रूप से हाथरस की भयावह घटना के लिए जिम्मेदार था। कथित तौर पर, उनके भक्त, उस रेत को छूने का प्रयास कर रहे थे, जिस पर उनके 'दिव्य' कदमों के निशान थे, और वे उनसे आशीर्वाद में भागने लगे, जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ मच गई. इस भगदड़ में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई परिवार तबाह हो गए. भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जीवंत सभ्यता वाले देश में आध्यात्मिक मोक्ष की खोज को पूरा करने के लिए सामूहिक आयोजनों में भाग लेना असामान्य नहीं है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि कई स्वयंभू अर्ध-दैवीय व्यक्तियों ने ऐसे गलत काम किए हैं, जिन्होंने समाज की नैतिक चेतना को झकझोर दिया है. साथ ही, किसी व्यक्ति की वैचारिक प्रवृत्ति के कारण सामाजिक और धार्मिक आयोजनों को गलत तरीके से चित्रित करना गलत है, क्योंकि वे व्यक्तियों में आध्यात्मिक चेतना को फिर से जगाने के साथ-साथ समाज को एक साथ लाने का काम करते हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है जब आस्था हठधर्मिता में बदल जाती है और 'तर्क' और 'वैज्ञानिक स्वभाव' को कमजोर कर देती है. कई पाखंडी लोग भगवान का मुखौटा पहनकर कट्टरता का समर्थन करते हैं, जो मानव चेतना को अंधा कर देता है और इसे रूढ़िबद्धता से भर देता है, जो अंततः बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास में बाधा डालता है। धरती पर मसीहा होने का दावा करने वाले भगवानों का लगभग नशीला प्रभाव अंधविश्वास की सीमा पर है, क्योंकि यह लोगों की मानसिक क्षमताओं को कमजोर कर देता है और आलोचनात्मक सोच को बाधित करता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आर्थिक और सामाजिक पिरामिड के निचले पायदान पर रहने वाले लोग उनके चरणों में मोक्ष की तलाश करते हैं। जीवन के दुखों से मुक्ति के कथित गारंटर के रूप में, भगवान हमारे समाज के एक बड़े हिस्से की शारीरिक और मानसिक आत्मा पर जबरदस्त प्रभुत्व रखते हैं. तो क्या हाथरस में जो कुछ हुआ, उसके लिए आंशिक रूप से ही सही, तथाकथित बाबाओं को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए? इन स्वयंभू बाबाओं को आध्यात्मिक रूप से जागरूक और बौद्धिक रूप से जागृत व्यक्तित्वों जैसे कि स्वामी विवेकानंद और श्री अरबिंदो आदि से स्पष्ट रूप से अलग किया जाना चाहिए। जहां स्वामी विवेकानंद मन को प्रेरित करते थे, जबकि श्री अरबिंदो अज्ञानता के अंधकार को दूर करके और मन को प्रबुद्ध करके आत्मा की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते थे. उत्तरार्द्ध अपनी शिक्षाओं के सामाजिक नतीजों के प्रति सजग हैं और 'अंध विश्वास' और हठधर्मिता पर 'तर्क' और 'तर्कसंगतता' को बढ़ावा देते हैं. हमारे सामाजिक ताने-बाने के नैतिक पतन को रोकने में सक्षम होने के लिए, समाज को इस कठोर वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिए। इसके अलावा, धार्मिक और सामाजिक नेताओं पर यह दायित्व है कि वे अंधविश्वास और अंध कर्मकांड के बजाय लोगों के बीच बौद्धिक तर्क विकसित करें. उन्हें जीवन के असंख्य संघर्षों और पीड़ाओं को कम करने के लिए बाहरी सहायता पर निर्भरता के बजाय साधक की आध्यात्मिक स्वायत्तता को सशक्त और प्रोत्साहित करना चाहिए. हाल के दिनों में, बाबाओं के चंगुल ने समाज को जितना अच्छा किया है, उससे कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया है. ऐसे व्यक्तियों की हास्यास्पद प्रकृति को उजागर करना और उनके कुकृत्यों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराना समाज के सामूहिक हित में है। समाज के कमजोर वर्गों पर बाबाओं के रहस्यमयी प्रभाव को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर सामाजिक और नैतिक कंडीशनिंग, सामुदायिक आउटरीच, शिक्षा और संवेदनशीलता समय की मांग है. अब समय आ गया है कि समाज की सदाचार और नैतिक नींव को मजबूत किया जाए. समाज अपनी चेतना को उस स्तर तक ले जाए, जहां रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में 'मन भय मुक्त हो और सिर ऊंचा हो... और स्वतंत्रता के उस स्वर्ग में' देश जाग सके।

# क्या हो जाएगी योगी की विदाई

**प्रो. रविकांत**

योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का कट्टर चेहरा हैं। वे सोशल इंजीनियरिंग करना नहीं जानते। शायद उनकी फितरत भी ऐसी नहीं है। जाहिर है कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में सोशल इंजीनियरिंग या सामाजिक न्याय की राजनीति के बगैर अब सत्ता हासिल करना असंभव है। कोरोना काल में नरेंद्र मोदी ने एक जुमला दिया था- आपदा में अवसर। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार नरेंद्र मोदी के लिए आपदा में अवसर बन गयी है।



उत्तर प्रदेश की राजनीति इस समय एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है। गुजरात लॉबी और योगी आदित्यनाथ के बीच का सीधा संघर्ष जारी है। पिछले एक महीने से योगी आदित्यनाथ को हटाने के कयास लगाए जा रहे हैं। बहुत सारे प्रमाण मौजूद हैं जिससे जाहिर होता है कि उत्तर प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन अवश्यम्भावी है।

दरअसल, योगी आदित्यनाथ का हटना उसी दिन तय हो गया था, जब लोकसभा चुनाव के बीचों बीच नरेंद्र मोदी को यह कहना पड़ा था कि योगी आदित्यनाथ उनके मुख्यमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने जब जिस मुख्यमंत्री को चाहा, हटा दिया। गुजरात में पहले दो-दो मुख्यमंत्री बदले गए, फिर पूरी कैबिनेट को ही बदल दिया गया। इसी तरह उत्तराखंड में भी दो मुख्यमंत्री बदले गए। हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया गया। लेकिन कहीं विरोध की कोई आवाज नहीं सुनाई पड़ी। इतना ही नहीं, मध्य प्रदेश में भारी बहुमत से चुनाव जिताने वाले शिवराज सिंह चौहान भी विद्रोह करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

उनकी जगह पर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना दिया गया। शिवराज सिंह चौहान इतना भर कह पाए कि वे बीजेपी के एक समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वे उसका पालन करेंगे। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी की बेहद कद्दावर लीडर वसुंधरा राजे सिंधिया को भी एक झटके में मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया गया। दिल्ली से भेजी गई पर्ची में लिखे हुए नाम को उन्हें खुद पढ़ना पड़ा। भजन लाल शर्मा का नाम पढ़कर वह खुद हतप्रभ थीं, कि उनकी जगह पर एक अनजाने से, पहली बार के विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है और उसके नाम का ऐलान खुद उनसे करवाया जा रहा है। तथापि उनमें बगावत करने की हिम्मत नहीं हुई। ऐसे में यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या योगी आदित्यनाथ को इसी तरह हटाने की हिम्मत गुजरात लॉबी में नहीं है? नरेंद्र मोदी और अमित शाह का संगठन पर पूरा कब्जा है। पार्टी की कमान उनके हाथों में है। कॉरपोरेट लॉबी उनके पास है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को चुनौती देने वाला कोई नहीं है। बावजूद इसके योगी आदित्यनाथ को हटाने की हिम्मत अभी गुजरात लॉबी नहीं कर पा रही है। हालांकि नरेंद्र मोदी अगर आज चाहें तो वे योगी आदित्यनाथ को हटा सकते हैं और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। लेकिन योगी आदित्यनाथ की अपनी यूएसपी है। वे हिंदुत्व का फायर ब्रांड चेहरा हैं। योगी आदित्यनाथ के सामने मोदी और शाह को खतरा यह है कि आगे चलकर वे भाजपा के हिंदुत्व के असली दावेदार के रूप में अपने आप को पेश कर सकते हैं।

गौरतलब है कि इस समय आरएसएस दो धड़ों नें बंटा हुआ है। इसी दरमियान मोहन भागवत ने भी नरेंद्र मोदी के नॉन बायोलॉजिकल वाले बयान पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रहार किया है। अब यह बहुत आसानी से समझा जा सकता है कि मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी के बीच दूरियां हैं। आरएसएस का मोहन भागवत वाला धड़ा गुजरात लॉबी का विकल्प चाहता है। असल में यह गुट, नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बीजेपी पर पकड़ को ढीली करना चाहता है। जाहिर तौर पर मोहन भागवत योगी आदित्यनाथ के साथ अप्रत्यक्ष रूप से खड़े हो सकते हैं। इसलिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह योगी आदित्यनाथ को इतना कमजोर कर देना चाहते हैं, ताकि हटाने के बाद योगी कोई चुनौती ना बन सकें।

योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का कट्टर चेहरा हैं। वे सोशल इंजीनियरिंग करना नहीं जानते। शायद उनकी फितरत भी ऐसी नहीं है। जाहिर है कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में सोशल इंजीनियरिंग या सामाजिक न्याय की राजनीति के बगैर अब सत्ता हासिल करना असंभव है। कोरोना काल में नरेंद्र मोदी ने एक जुमला दिया था- आपदा में अवसर। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार नरेंद्र मोदी के लिए आपदा में अवसर बन गयी है। यूपी में केवल तैतीस सीटों पर भारतीय जनता पार्टी सिमट गई। फिर भी नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में कामयाब रहे। लेकिन यह एनडीए की सरकार है। उत्तर प्रदेश बीजेपी के राम मंदिर आंदोलन का केंद्र है। एक तरह से हिंदुत्व का सबसे बड़ा गढ़ यूपी है। बीजेपी की हिंदुत्व राजनीति का सबसे ऊर्जस्वित और आक्रामक नारा जय श्रीराम रहा है। लेकिन नरेंद्र मोदी ने 4 जून के बाद जय श्रीराम का नारा लगाना बंद कर दिया। क्या उत्तर प्रदेश में केवल पराजय के कारण नरेंद्र मोदी ने ऐसा किया है? अथवा इसमें भी कोई राजनीतिक खेल छिपा हुआ है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी की हार को विपक्ष हिंदुत्व की पराजय के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। खासतौर पर अयोध्या की हार ने हिंदुत्व पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, नरेंद्र मोदी भी आरएसएस के सामने यूपी की हार को इसी रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं। अलबत्ता, नरेंद्र मोदी ने कारपोरेट मीडिया, आईटी सेल और पार्टी पर मजबूत पकड़ के कारण अपने ब्रांड को बहुत कमजोर नहीं होने दिया। भाजपा के 240 के आंकड़े को नरेंद्र मोदी केवल ब्रांड मोदी की परफॉर्मेंस के रूप में दिखाना चाहते हैं। उनका मकसद यह दिखाना है कि बहुमत नहीं मिलने के पीछे हिंदुत्व की असफलता है। इस तीर से नरेंद्र मोदी सीधे तौर पर योगी आदित्यनाथ का शिकार करना चाहते हैं।

मोदी का मकसद यह बताना है कि योगी के हिंदुत्व के सहारे भारतीय जनता पार्टी कभी सत्ता में नहीं पहुंच सकती। इतना ही नहीं योगी आदित्यनाथ को केवल एक जाति के नेता के तौर पर टैग करने की भी कोशिश चल रही है। विपक्ष का आरोप रहा है कि योगी आदित्यनाथ ठाकुरवादी हैं। गुजरात लॉबी भी विपक्ष के इस आरोप को पुख्ता करना चाहती है। सरकारी नियुक्तियों से लेकर डीएम, एसपी और थानेदारों की तैनातियां; इस आरोप को मजबूत करती हैं। अगड़ी जातियों को छोड़कर अन्य जातियों पर हिंदुत्व का प्रभाव नगण्य है। अनुमान के तौर पर यह कहा जा सकता है कि हिंदुत्व के आधार पर भारतीय जनता पार्टी को 15 से 20 फीसदी वोट मिल सकता है। योगी आदित्यनाथ को ब्राह्मण विरोधी भी स्थापित करने का खेल चल रहा है। इसीलिए केशव प्रसाद मौर्य के साथ बृजेश पाठक भी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ होने वाली गुप्त मीटिंग में शामिल थे।

4 जून के नतीजों के बाद लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में बीजेपी की हार पर खामोशी बनी रही। लेकिन जब नरेंद्र मोदी एनडीए की सरकार बनाने में कामयाब हो गए तो उसके बाद उत्तर प्रदेश के नेताओं द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से योगी आदित्यनाथ को हार के लिए जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की जाने लगी। योगी आदित्यनाथ पर तो यह भी आरोप लगाया गया कि चुनाव में प्रशासन ने बीजेपी की मदद नहीं की। गोया, बीजेपी चुनाव प्रशासन की मदद से जीतना चाहती थी, जनता के जरिए नहीं। इसी दरमियान पिछड़ी जाति से आने वाले अनेक नेता अचानक योगी आदित्यनाथ पर हमलावर हो गए। अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार पर ओबीसी आरक्षण की अनदेखी करने का आरोप लगाया। ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद ने तो यहां तक आरोप लगा दिया कि उन्हें चुनाव हराने में योगी सरकार का योगदान है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में योगी पर हमला बोलते हुए कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है। इसके बाद दिल्ली से लौटकर उन्होंने योगी आदित्यनाथ की सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए आरक्षण के साथ खिलवाड़ करने का आरोप जड़ दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने मांग की, कि कॉन्ट्रैक्ट और ठेके की नौकरियों में भी आरक्षण का अनुपालन होना चाहिए। दरअसल, इसके जरिए गुजरात लॉबी योगी आदित्यनाथ को पिछड़ा विरोधी साबित करना चाहती है।

केशव प्रसाद मौर्य हों या अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद हों या ओमप्रकाश राजभर ये तमाम मोहरे हैं। इन मोहरों के जरिए वजीर को निशाना बनाया जा रहा है। जाहिर तौर पर योगी आदित्यनाथ सोशल इंजीनियरिंग के लिए नहीं जाने जाते। पिछड़ों में उनकी कोई खास पहुंच और पहचान भी नहीं है। पहले विपक्षियों द्वारा और अब उनकी ही पार्टी के तमाम नेताओं द्वारा आरक्षण नहीं देने और ओबीसी समाज की अवहेलना करने का आरोप पुख्ता करने की कोशिश हो रही है। यही असली दांव है जिसके जरिए गुजरात लॉबी योगी आदित्यनाथ को राजनीतिक रूप से निपटाना चाहती है। आरोपों का यह दौर अभी और चलने वाला है। योगी आदित्यनाथ को ठाकुरवादी और खास तौर पर पिछड़ा विरोधी साबित करने के बाद उनकी विदाई की तारीख पक्की होगी। इस प्रकार सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी!

# आखिर क्यों नहीं खत्म हो रहे हैं दुनियाभर में एड्स के मामले

संयुक्त राष्ट्र ने 2010 से 2030 के बीच नए संक्रमण और एड्स से संबंधित मौतों को 90 फीसदी घटाने का लक्ष्य रखा था. लेकिन यह लक्ष्य अब खतरे में है।

दुनियाभर में एचआईवी और एड्स पर सबसे बड़ा वार्षिक सम्मेलन सोमवार को जर्मनी के शहर म्यूनिख में शुरू हुआ है. यहां 175 देशों के 10,000 से अधिक डॉक्टर, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यूएन के आंकड़ों के अनुसार, एड्स से संबंधित मौतों में 2004 के आंकड़ों के मुकाबले 69 फीसदी और 2010 के मुकाबले 51 फीसदी की कमी आई है. फिर भी, हर मिनट विश्व में एक व्यक्ति की एड्स के कारण मौत होती है। यूएन एड्स ने अपनी नई रिपोर्ट में बताया है कि अगर इन प्रयासों के लिए अधिक धन मुहैया कराया जाए और मानवीय अधिकारों की रक्षा की जाए, तो 2030 तक एड्स महामारी का अंत किया जा सकता है7 मगर विशेषज्ञों का कहना है कि इस महामारी के प्रति अब पहले की तरह ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण एचआईवी/एड्स के खिलाफ लड़ाई के लिए सरकारी फंडिंग भी घट रही है

**कितना आम है एचआईवी का संक्रमण**

एड्स - 'एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम' - एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है. यह ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के संक्रमण से होता है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है और विभिन्न संक्रमणों और कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ा देता है.

एचआईवी संक्रमण का मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध है. इसके अलावा, यह संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त के संपर्क, और एचआईवी पॉजिटिव मां से गर्भावस्था, बच्चे के जन्म या स्तनपान के दौरान भी फैल सकता है।

2022 में लगभग 4 करोड़ लोग इस वायरस के साथ जी रहे थे. पूर्वी यूरोप जैसे कुछ क्षेत्रों में संक्रमण बढ़ रहा है, और अफ्रीका में, महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, संक्रमण की दर अभी भी ऊंची बनी हुई है।

डब्लूएचओ के अनुसार, एचआईवी के कारण हर साल 600,000 लोगों की मौत होती है क्योंकि कई लोगों को पता नहीं होता कि उन्हें एचआईवी है, या वे इलाज नहीं कराते हैं, या फिर इलाज में बहुत देर हो जाती है. ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि एचआईवी संक्रमण के लक्षण अकसर संक्रमण के कुछ सप्ताह बाद महसूस होते है, जिनमें बुखार, थकान, गले में खराश, और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं. शुरूआती लक्षण अकसर सामान्य वायरल संक्रमण जैसे दिखते हैं, जिससे इसे पहचानना मुश्किल हो सकता है. संक्रमण के और बढ़ने के साथ, रोगी के इम्यून सिस्टम में गंभीर गिरावट होती है, जिससे विभिन्न प्रकार के अन्य संक्रमण और कैंसर विकसित हो सकते हैं।

# पीएसयू बैंकों के फील गुड से परे देखना

**देवीदास तुलजापुरकर**

बैंक सीधे उधार देने के बजाय सह-उधार या अप्रत्यक्ष उधार का सहारा लेने के लिए प्रेरित होते हैं। उत्पादों और सेवाओं में नवाचार के नाम पर, एसबीआई ने ऋण का असाइनमेंट पोर्टफोलियो की बिक्री-खरीद आदि जैसे विभिन्न उपकरण पेश किए हैं ताकि बैंक ओवरहेड लागतों को बचाने के लिए प्रत्यक्ष उधार से बच सकें। यह सब लागत को कम करने में मदद करता है लेकिन अंततः ग्राहक ही भुगतान करता है। सेवा शुल्क में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है, साथ ही उन सेवाओं पर भी शुल्क लगाया गया है जो पारंपरिक रूप से मुफ्त थीं।

रोजगार सृजन और मध्यम व छोटे उद्योगों (एमएसएमई) को रोजगारों का प्रमुख प्रदाता बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में कहा गया कि 'पीएसयू बैंक बाहरी मूल्यांकन पर निर्भर रहने के बजाय एमएसएमई को ऋण देने के लिए अपनी क्षमता का निर्माण करेंगे।' यह स्पष्ट है कि बैंकों पर एमएसएमई को ऋ ण देने में वृद्धि करने का दबाव होगा; उन्हें नए ऋण मूल्यांकन मॉडल बनाने के लिए कहा गया है, जैसा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में उल्लेख किया है। इसके अलावा सरकार चाहती है कि बैंक बढ़ी हुई सीमा के साथ मुद्रा ऋ ण दें। हालांकि इस योजना ने खुद कई सवाल खड़े किए हैं और इसके परिणामों को संदिग्ध माना जाता है।

यह हमें उस लंबी कहानी की ओर ले जाता है कि सरकार को बैंकिंग प्रणाली, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की किस प्रकार आवश्यकता है और वह उनका किस प्रकार उपयोग करती है, तथा उसने इन बैंकों के साथ क्या किया है।

बैंकों को मुनाफा कमाना चाहिए लेकिन मुनाफा ही बैंकिंग का एकमात्र उद्देश्य नहीं हो सकता। हमें सामाजिक लाभ को मापना भी सीखना होगा।

अभी भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग 'फील गुड' के दौर से गुजर रही है। 2024 में पीएसयू बैंकों ने 2019 में 0.82 लाख करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले 1.47 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। प्रतिशत के लिहाज से सकल एनपीए 2019 में 12.03 प्रतिशत से घटकर 2024 तक 3.49 फीसदी हो गया है, जबकि शुद्ध एनपीए 4.95 प्रतिशत से घटकर 0.75 फीसद हो गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 2020 में कारोबार में वृद्धि 5.46 प्रतिशत थी, जबकि 2024 में यह 2023 के मुकाबले 12.06 प्रश है। एकमात्र चिंता बाजार हिस्सेदारी है जो 2019 में 71.1 प्रतिशत थी और 2024 में घटकर 64.40 फीसदी हो गई है।

इसका मतलब है कि निजी क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी 28.90 फीसदी से बढ़कर 35.60 प्रतिशत हो गई है और इसके भीतर नई पीढ़ी के निजी क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी 2019 में 23.78 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 31.02 फीसद हो गई है। इस अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बाजार हिस्सेदारी 6.70 प्रतिशत कम हो गई है जो बैंक ऑफ बड़ौदा की बाजार हिस्सेदारी से अधिक है- 6.49 प्रतिशत। इस प्रकार स्पष्ट है कि किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का निजीकरण किए बिना बैंक ऑफ बड़ौदा के आकार के बराबर बैंकिंग व्यवसाय का निजीकरण हो गया है। हम जो देख रहे हैं वह नियामक यानी भारतीय रिजर्व बैंक और मालिक यानी भारत सरकार द्वारा एक साथ नीतिगत नुस्खों की अभिव्यक्ति है। इस अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विलय के कारण एक बड़ा व्यवधान आया। 2019 में देना बैंक और विजया बैंक का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय कर दिया गया जबकि 2020 में एक बड़ा विलय हुआ जिसमें छह बैंक समाप्त विलीन हो गए। इस विलय के परिणामस्वरूप सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं की संख्या 2019 के 89,870 से घटकर 2024 में 87,009 हो गई।

यानी 2,861 शाखाएं कम हुई जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों के मामले में यह संख्या 2019 में 27,380 से बढ़कर 38,216 हो गईं। यानी 10,838 शाखाएं बढ़ीं। इस प्रकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं की हिस्सेदारी 2019 में 76.65 प्रतिशत से घटकर 2024 में 69.48 फीसदी हो गई है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 23.35 फीसद से बढ़कर 30.52 प्रतिशत हो गई है और इसके भीतर नई पीढ़ी के निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 16.95 फीसदी से बढ़कर 23.87 प्रतिशत हो गई है। यह एक कारण है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने निजी क्षेत्र के बैंकों के मुकाबले बाजार हिस्सेदारी खो दी है।

# जलवायु बदलाव के दौर में डा. रिछारिया की याद

कृषि वैज्ञानिक आर.एच. रिछारिया ने अविभाजित मध्यप्रदेश ( जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल था) से धान की 17 हजार से ज्यादा देसी किसानों को एकत्र किया था जिसमें अधिक उत्पादकता देने वाली, सुगंधित व अन्य तरह से स्वादिष्ट किस्में शामिल थीं। डा. रिछारिया चावल की किस्मों के विशेषज्ञ थे। वे मानते थे देसी किस्मों को ही देश में धान की खेती की प्रगति का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने पता लगाया था कि धान की किस्मों की विविधता का बहुत अमूल्य भंडार है।



छत्तीसगढ़ में इन दिनों किसान बारिश न होने के कारण चिंतित हैं। कुछ किसानों ने छिड़काव कर धान की खेती की है, कई रोपा पद्धति से धान रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे समय में देसी बीजों की हल-बैल की खेती याद कर रहे हैं। मुझे याद आ रहे हैं विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. आर.एच. रिछारिया, जिनकी मान्यता थी कि धान की खेती का विकास स्थानीय प्रजातियों के आधार पर ही होना चाहिए। क्योंकि उनमें काफी विविधता है, और वे मौसम बदलाव का भी मुकाबला कर सकती हैं। आज इस कॉलम में इस पर ही चर्चा करना उचित होगा।

छत्तीसगढ़, देश में विशिष्ट विविधता वाला प्रदेश है। यहां भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के साथ पारिस्थितिकीय विविधता भी काफी है। यहां सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है। छत्तीसगढ़ के मध्य में महानदी बहती है और यही इलाका धान की खेती के लिए प्रसिद्ध माना जाता है। आज धान के देसी बीजों की जगह उच्च उपज देने वाली किस्मों ने ले ली है। जबकि एक जमाने में देसी धान की खेती होती थी।

यहां खाद्यों और अनाजों की भी काफी विविधता थी। अलग-अलग खेती की पद्धतियां थीं। फसलें, दालें, तिलहन, फल, फूल, हरी पत्तीदार सब्जियां, कंद-मूल, मशरूम आदि भी होती थीं। यहां के आदिवासियों का जीवन मुख्य तौर पर जंगल पर आधारित रहा है। पारंपरिक रूप से छत्तीसगढ़ को धान के कटोरे के रूप में जाना जाता है। यहां इलाका धान की अद्भुत विविधता है। इनमें कई तरह के विशिष्ट सुगंधित, औषधीय व गुणधर्म वाले देसी धान शामिल हैं।

यहां कम अवधि की धान किस्मों के साथ लंबी अवधि की धान है, तो कम पानी में होने वाली धान के साथ गहरे पानी में होने वाले धान भी शामिल है। छोटे चावल से लेकर लंबे, महीन और विभिन्न आकारों वाले चावल होते हैं। लाल, सफेद, काले, और कई रंगों व गुणवत्ता वाले चावल शामिल हैं।

मुझे डा. आर.एच.रिछारिया से एक बार रायपुर में मिलने का मौका था, जब वे स्वतंत्र रूप से धान की जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे थे। डा. रिछारिया ने किसानों और आदिवासियों के साथ धान की देसी प्रजातियों पर काम किया था। उन्हें न केवल संग्रहीत किया था, बल्कि उनके गुणधर्मों व उत्पादन संबंधी अध्ययन किया था। उन्होंने किसानों के परंपरागत ज्ञान को काफी सराहा था।

धान की खेती की एक बुनियादी विशेषता यह है कि यह लगभग पूरे भारत में बहुत अलग-अलग परिस्थितियों में उगाया जाता है। एक ही गांव और कई बार तो एक ही किसान अलग-अलग खेत में अलग-अलग प्रजाति का धान उगाया जाता है। प्रत्येक किस्म अलग-अलग परिस्थितियों के लिए, अलग-अलग गुणों के साथ उपयुक्त होती है।

ये प्रजातियां वहां की मिट्टी, पानी, हवा के अनुकूल होती हैं।

सैंकड़ों सालों से छत्तीसगढ़ के किसानों ने धान की खेती की कई पद्धतियां विकसित की हैं। उनका पारंपरिक ज्ञान इसमें काफी है। बियासी पद्धति, जिसमें छिड़काव कर धान की खेती की जाती है, और जब बारिश होती है तो पौधे जब कुछ बड़े हो जाते हैं, तो खेत में हल चला दिया जाता है, जिससे खरपतवार नीचे दब जाती है, और जो पौधे दूर-दूर होते हैं, उन्हें पास रोपा दिया जाता है। इससे जमीन भी हवादार व पोली हो जाती है, जिससे पौधे की बढ़वार अच्छी होती है। इससे उत्पादन भी अच्छा होता है।

इसी तरह उतेरा पद्धति है, जिसमें धान की यानी बारिश की नमी में रबी फसल ली जाती है। उतेरा खेती में एक फसल कटने से पहले दूसरी फसल को बोया जाता है। यानी दूसरी फसलों की बुआई पहली फसल कटने के पहले ही कर दी जाती है। फसल के ठंडलों से खेत में जैव खाद बन जाती है। इस तरह की खेती छत्तीसगढ़ के कई गांव में की जाती है, हालांकि इसमें भी कमी आ रही है।

उतेरा पद्धति में धान की फसल जब खड़ी रहती है, जब उसमें फूल आने लगते हैं, फसल में 50 प्रतिशत फूल आ जाते हैं, तब उसमें दूसरी फसलें बोई जाती हैं। यह समय अक्टूबर आखिर में या नवंबर के पहले हफ्ते का होता है। यानी बारिश की नमी में धान की फसल के बीच तिवड़ा ( खेसारी दाल),बटरी, अलसी, उड़द, सरसों व चना के बीज छिड़क दिए जाते हैं। इसमें सावधानी रखनी होती है कि खेत का पानी सूख जाए तभी बीजों का छिड़काव किया जाता है। इन फसलों को अलग-अलग नमी के हिसाब से छिड़कते हैं, या बोते हैं, एक साथ नहीं। क्योंकि हर बीज को अंकुरण होने के लिए अलग-अलग नमी चाहिए होती है, इसका किसानों को अनुमान है

इसमें धान कटाई बहुत ही सावधानी से की जाती है, जिससे दूसरी फसलों को नुकसान न पहुंचे। खेत में धान के डंठलों के बीच से तिवड़ा उग जाता है, जिसके पौधे को ठंडलों से मदद भी मिलती है। मार्च के आसपास यह फसलें तैयार हो जाती हैं और फिर काट ली जाती हैं। यानी बारिश की नमी में ही दूसरी फसलें भी पक जाती हैं। यह छत्तीसगढ़ के किसानों का परंपरागत जाना माना तरीका है। जिसमें बारिश की नमी का सही उपयोग होता है और दो फसलें भी मिल जाती हैं।

इसी प्रकार, यहां किसान खेतों की मेड़ों पर भी अरहर, तिली, मूंग, अमाड़ी , भिंडी, बरबटी, झुनगा ( बरबटी की तरह), चुटचुटिया( ग्वारफली) आदि लगाते हैं। यानी खेत में धान, उतेरा में तिवड़ा, अलसी, बटरी, सरसों, उड़द, चना आदि लगाते हैं और मेड़ पर भी अरहर, तिली, हरी सब्जियां लगाते हैं।

कुल मिलाकर, एक खेत में धान यानी चावल, दलहन व तिलहन सब कुछ हो जाता है। छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति, तीज-त्यौहार व खेती से जुड़े हैं। यहां का प्रमुख भोजन चावल है, यानी भात, दाल और सब्जियां। सब कुछ किसान खेतों में उगा लेते हैं। अतिरिक्त फसलें होने से आर्थिक लाभ भी होता है। भोजन में भी पोषण मिलता है। यह मिश्रित फसलों का परंपरागत तरीका है।

# चित्रकूट संदेश

## मारपीट के आरोपी को हुआ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार अबरार की पैरवी से न्यायालय ने मारपीट, गाली-गलौज के आरोपी को एक हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

शनिवार को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश सिविल जज (सीडी) सूर्यकांत धर दुबे ने पहाड़ी थाने में दर्ज मारपीट, गाली-गलौज के आरोपी समीर उर्फ मुसवा पुत्र नत्थू प्रसाद डुड़ौली सरधुवा को एक हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

## 43 में 12 मामले मौके पर डीएम-एसपी ने सुलझाये

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पहाड़ी थाने में जनता की समस्यायें सुनी।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में आये जमीनी विवाद के मामलों को राजस्व/पुलिस टीम को मौके पर जाकर निपटाने के निर्देश दिये। शासन की मंशानुसार थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्या के जल्द निस्तारण को जिलाधिकारी व एसपी की मौजूदगी में जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस में जमीनी विवाद के मामलों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना भेदभाव के समयावधि के अंदर निस्तारण करें। फरियादियों को बार-बार शिकायत को लेकर भटकना न पड़े। निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलने पर निस्तारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं बाबत शिकायत को मौके पर प्राथमिकता से निस्तारित करें। थानाध्यक्ष पहाड़ी व लेखपालों को निर्देश दिये कि शासन के निर्देश हैं कि थाना समाधान दिवस में आने वाले पत्रों व पहले के पत्रों का निस्तारण कल तक होना चाहिए। समाधान दिवस में 43 मामले आये। मौके पर 12 मामलों का डीएम-एसपी ने निस्तारण किया। डीएम-एसपी ने पहाड़ी थाना परिसर में जामुन के पौधे रोपे। समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार राजापुर फूलचंद यादव, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह समेत कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।



पहाडी में समस्यायें सुनते डीएम-एसपी।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के महुआ गांव में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक 40 वर्षीय युवक की मौत होने से परिवार समेत मोहल्ले में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा राजापुर थाने के महुआ गांव में शुक्रवार की रात हुआ। बताया गया कि रामकिशोर उर्फ केशन (40) पुत्र राजेश कुमार सड़क पार कर लघुशंका कर लौट रहा था। अचानक राजापुर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। उसे गंभीर दशा में परिजन 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर लाये। प्राथमिक इलाज बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन प्राइवेट वाहन से मंझनपुर कौशाम्बी ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। शव को परिजन वापस लाये। प्रभारी निरीक्षक राजापुर को मृत्यु की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतक की पत्नी रमनिया ने रोते-बिलखते बताया कि वह ससुर केशन से कई वर्षो से अलग रहती थी। उसके एक पुत्र आदित्य व दो पुत्री आशी व दीव्यांशी हैं। मृतक पति ही सहारा थे, मजदूरी कर परिवार का पालन- पोषण करते थे। उनकी मृत्यु से परिवार को खाने के लाले पड़ जायेंगे। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज किया है। जल्द वाहन का खुलासा किया जयोगा।



मृतक के परिजन।

## जेल में महिला बन्दियों के बच्चों को खेलने की करें व्यवस्था: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

शनिवार को डीएम-एसपी ने महिला बैरक, हाई सिक्योरिटी बैरक देखा। डीएम ने महिला बैरक के निरीक्षण दौरान बन्द महिला कैदियों से खानपान व समस्या के बारे में पूंछा। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की गाइडलाइन अनुसार दूरभाष पर बात भी कराते रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों को झूला व खेलने की व्यवस्था करायें। उन्होंने हाई सिक्योरिटी बैरक ए-बी का निरीक्षण किया। यहां बन्द कैदियों से बातकर खानपान व अन्य समस्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि हाई सिक्योरिटी परिसर में सीसीटीवी कैमरा चलता रहना चाहिए। सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। डीएम ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मेन्यू अनुसार दिया जाये। इसमें अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण दौरान जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

### बारिश में कीचड-जलभराव-गन्दगी से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कई दिनों से छिटपुट बारिश बाद शनिवार को सवेरे एक घंटे की झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। नगर की सड़कें पानी से लबालब हो गई। गली-मोहल्लों में जलभराव व कीचड़ से आवागमन में लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी। यहां तक कि स्कूल-कालेजों व नगर पंचायत में भी लबालब पानी भर गया है।

शनिवार को एक पखवारे से ज्यादा बीतने के बाद बारिश हुई। तेज धूप व उमस से आम जनजीवन अस्त- व्यस्त हो रहा है। भीषण गर्मी से लोग व्याकुल थे। शनिवार को झमाझम बारिश से राहत मिली है। ट्यूबवेलों के भरोसे धान की रोपाई की गई थी। बिजली की आंख-मिचैली व लो-वोल्टेज से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे। बारिश न होने से धान की फसल सूख रही थी। खेतों में अरहर, मूंग, उड़द फसल किसानों ने कड़ी मेहनत व भारी भरकम लागत लगाकर बोया था। बारिश न होने से कीमती बीज भी खेतों में पड़े-पड़े सूख गये। झमाझम बारिश से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। किसानों ने राहत की सांस ली। बारिश से नगर के प्रमुख मार्गों समेत गली-मोहल्लों में सड़क के ऊपर से कीचड़ - गन्दगी का अंबार लग गया। व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने झाड़ू लेकर सफाई करते देखे गये। काफी देर तक लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीण अंचलों में सड़कें पानी-कीचड़ से लबालब भर गई। कीचड़ भरे रास्तों से लोगों को आवागमन करना पड़ा। जल निकासी की व्यवस्था न होने से तुलसी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व कम्पोजिट विद्यालय में छात्र-छात्रायें भरे पानी से निकलने को मजबूर हुए। नगर पंचायत परिसर में कई वर्षों से जल निकासी न होने से परिसर बारिश के पानी से लबालब भर गया। नगरवासियों को कार्यालय जाने में भारी दिक्कतें उठानी पडी। किसानों ने बताया कि खरीफ फसल कड़ी मेहनत व महंगे बीज लेकर एक पखवारा पहले बोया था। बरसात न होने से खेतों में पड़े बीज सूख रहे थे। किसान पूरी तरह मायूस हो गये थे। सूखे की स्थिति बन आई थी। ट्यूबवेलों के भरोसे धान की रोपाई तो हो गई। तेज धूप व गर्मी से खेतों में पानी टिक नहीं पाता था। खरीफ की फसल सूख रही थी। शनिवार को बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे।



नगर पंचायत परिसर में भरा पानी व पानी के गुजर कर स्कूल जाती छात्रायें।

## विद्युत एसडीओ के कारनामों की जांच की मांग, मिन्टू बेचारा-एसडीओ का मारा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के गढचपा गांव के अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हैं। ग्राम पंचायत गढचपा में उनके हिस्से की तनहा जमीन व खाते पर नया बोर सिंचाई को करवाया है। विद्युत विभाग के एसडीओ आशीष कुमार पर आरोप लगाया कि बोर का कनेक्शन करने में बीस हजार रुपये मांग रहे हैं। न देने पर कनेक्शन नहीं किया जा रहा।

शनिवार को गढचपा गांव के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नये बोर में विद्युत कनेक्शन को आनलाइन आवेदन किया था। आवेदन मानिकपुर विद्युत एसडीओ आशीष कुमार ने बीस हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इंकार करने पर खुन्नस के चलते विद्युत कनेक्शन आवेदन खारिज कर दिया। उनका सिंचाई का कार्य बाधित है। बोर बन्द पडा है। मानिकपुर एसडीओ आशीष कुमार पर मनमानी एवं तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध धन वसूली से क्षेत्रीय ग्रामीण परेशान हैं।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह बघेल/ग्राम प्रधान गढचपा श्रीमती ननकी देवी ने भी आरोप लगाया कि एसडीओ आशीष कुमार जिले में तीन वर्ष से ज्यादा समय से जमे हैं। उनके रवैये से किसान परेशान हैं। बिना रुपये के कोई काम नहीं करते। पीडितों ने एसडीओ पर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि मानिकपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत गढचपा के मजरा जरका पुरवा में अनुसूचित जाति बस्ती में न बिजली है न बिजली का खम्भा है, फिर भी 17 किसानों को विद्युत बिल भेज दिये हैं। अनावश्यक विद्युत बिल आने से ग्रामीण खासे परेशान हैं। ऐसे अधिकारी सूबे के मुख्यमंत्री के किसानों को राहत देने के सपनों को चकनाचूर कर रहे हैं।



डीएम से गुहार लगाते ग्रामीण।

### खम्भे गडे हैं-नहीं खींची तार- भेज दिये बिल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के गढचपा गांव के मजरा जरका पुरवा अनुसूचित जाति बस्ती व आदिवासी कोल बस्ती के ग्रामीण महेश, तुलसी, चुन्नीलाल, बद्री प्रसाद, राममिलन, कमलेश, भारती, लवकेश, भोंडीलाल, रामप्रकाश, लवकुश, वीरेन्द्र, राजेश, रामबाबू, रमेश, पप्पू, रामप्रसाद आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि 2019 में बिजली के खम्भे गाडे गये थे। आज तक विद्युत तार नहीं खींचे गये। बच्चों की पढाई-लिखाई में भारी दिक्कत हो रही है। आज तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। फिर भी बिजली विभाग ने उनके पास बिल भेज दिया है। उन्होंने खडे खम्भों में विद्युतीकरण करवाने की मांग की है।



कर वसूलते एआरटीओ प्रवर्तन।

## कर बकाया वाहनों पर कसा शिकंजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने बकाया कर वसूली शत-प्रतिशत जमा करने के निर्देश दिये हैं। एआरटीओ उदयवीर सिंह व यात्रीकर मालकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने संयुक्त जांच अभियान चलाया। शनिवार को कर बकाया की कार्यवाही कर 13 वाहनों पर कार्यवाही की। जांच अभियान में एक वाहन का कर 140648 रुपये व दूसरे वाहन का 98348 रुपये बकाया होने पर थानों में बन्द किये। कर बकाया वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहेगी। समस्त वाहन स्वामियों को चेताया कि जिन वाहनों पर कर बकाया है, तत्काल ऑनलाइन या कार्यालय में जमा करायें।

## जानलेवा हमला के आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रशांत कुमार ने की पैरवी से न्यायालय ने मरणासन्न कर जान से मारने की धमकी के आरोपी को तीन वर्ष 11 माह दस दिन की सजा से दंडित किया। शनिवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी की टीम की पैरवी व सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने कर्वी कोतवाली में दर्ज जानलेवा हमले के आरोपी प्रमोद मौर्या पुत्र मेवालाल सुदामापुरी अतर्रा बांदा को तीन वर्ष 11 माह दस दिन की सजा से दंडित किया।ज्ञात है कि 24 दिसम्बर 2017 को विनीत कुमार ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि गया प्रसाद पुत्र देवीदीन भरकोर्रा पहाड़ी व प्रमोद ने उसके चाचा विष्णु नारायण को पत्थर मारकर बेहोश होने पर जान से मारने की धमकी दिया था। ये मामला कोतवाली कर्वी में दर्ज हुआ था। विवेचना दरोगा मोहम्मद अकरम ने की थी। 24 दिसम्बर 2017 को उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र चार फरवरी 2018 को दाखिल किया था।

## अभियंताओं ने सिचांई मंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रमुख अभियंता परियोजना सिंचाई की मनमानी के विरोध में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग के प्रत्येक इंजीनियर्स ने शनिवार को मांगों को लेकर सिंचाई मंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर समस्याओं से अवगत कराया। सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले अभियंताओं ने काला फीता बांधकर व नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन कर समयबद्ध निस्तारण न होने पर प्रमुख अभियंता के विरुद्ध लखनऊ कार्यालय पर बेमियादी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।शनिवार को सिंचाई विभाग सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारियों ने प्रमुख अभियंता लखनऊ पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि डिप्लोमा इंजीनियरों के पदोन्नति बाबत समस्याओं का जानबूझ कर समाधान नहीं हो रहा है। प्रमुख अभियंता के कार्यालय में मामला वर्षों से लंबित है। द्वेषपूर्ण नियमों के विपरीत विभिन्न समस्याओं के समाधान को लंबित रखने के विरोध में प्रांतीय आवाहन पर 22 जुलाई से प्रदेश व्यापी आंदोलन में हिस्सा लेकर काला फीता बांधकर विरोध जता रहे हैं। इंजीनियर्स ने प्रमुख अभियंता परियोजना व विभागाध्यक्ष सिंचाई पर मांगों के निराकरण न कर प्रताडना का आरोप लगाया। पदाधिकारियों ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण न होने पर 22 अगस्त से प्रमुख अभियंता सिंचाई लखनऊ कार्यालय पर बेमियादी धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर उप महासचिव इं रूपेश पांडेय, जनपद अध्यक्ष इं अभिषेक मिश्रा, जनपद सचिव सर्वजीत कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य इं गुरु प्रसाद, इं डीपी मिश्रा, इं भीखमचंद, इं हिमाशू, इं विवेक यादव, इं चंद्रकांत गुप्ता, इं जय प्रकाश, इं आशीष मौर्य, इं देवेंद्र शुक्ल, इं अवधेश कुमार, इं प्रदीप कुमार, इं दिलीप कुमार, इं राममूरत, इं संतोष कुमार, इं विजय कुमार आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते अभियंता।

## एएसपी व सीओ ने सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कोतवाली कर्वी व थाना बहिलपुरवा में समाधान दिवस में आये फरियादियों की शिकायत सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। शानिवार को एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कोतवाली कर्वी में एसडीएम सदर सौरभ यादव की मौजूदगी व थाना बहिलपुरवा में फरियादियों की समस्यायें सुनी। निस्तारण को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। भूमि बाबत विवाद के मामले पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। इसी क्रम में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना सरधुवा में समाधान दिवस पर आये फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। सीओ राजापुर ने सरधुवा थाने में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद में पुलिस व राजस्व के अधिकारियों को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें।

## बोट अनुदान को 31 तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के तहत निषादराज बोट अनुदान योजना को मत्स्य पालकों व मछुआरा समुदाय के लोगों को देने को ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विभागीय पोर्टल पर एक से 21 जुलाई तक मांगे गये थे। आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई है। निषादराज बोट अनुदान योजना का विवरण, आवेदन के साथ संलग्न अभिलेख पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी को जिला कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कालूपुर पाही में सम्पर्क कर सकते हैं।

## गौवंशों को भेजें गौशाला: बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बीडीओ मानिकपुर शैलेंद्र सिंह ने ब्लाक क्षेत्र में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं में गौवंश संरक्षित करने के निर्देश प्रधान व सचिव को दिये हैं। शनिवार को बीडीओ ने जारी निर्देश में कहा कि ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी किसी भी ग्राम पंचायत में समय से गौशाला में गौवंश संरक्षित न करेंगे तो कार्यवाही की जायेगी। गौवंश अन्ना घूमते मिलें तो सचिव जिम्मेदार होंगे। गौ पालकों से अपील किया कि गौवंशों को बांधकर रखें। ऐसा न करने पर पौ पालकों भी जुर्माना किया जायेगा।

## पुराने भाजपाइयों का दर्द: सम्मान को ओढे-बिछायें-दसायें-क्या करें?

### नहीं मिलती अधिकारियों से तरजीह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा सूबे में लोकसभा चुनाव में करारी पराजय का दंश अभी भूल नहीं सकी है। आये दिन समीक्षा व बैठकें हो रही हैं। भाजपा में लोस चुनाव में पराजय को लेकर घमासान मचा है। अब विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने को भाजपा खासी बेचैन है। भाजपा की ये बेचैनी क्यों न हो- लोकसभा चुनाव में जो करारी पराजय मिली है, उसका दंश केन्द्र सरकार विपक्ष के तीखे तेवरों से आये दिन घायल हो रही है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि भाजपा की जीत में ही सभी का सम्मान है। भाजपा संगठन के कार्यकर्ता कहते हैं कि सम्मान को लेकर ओढे-दसायें- बिछायें-क्या करें, जब कोई काम उनके नहीं हो रहे। ऐसे सम्मान का क्या लाभ? जिले के अधिकारी उनकी कोई बात नहीं सुनते। ऐसे में सरकार होने या न होने से उन्हें क्या लाभ? भाजपा में दूसरे दलों से आये लोग इस कदर हावी हो गये हैं कि उनके आगे संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं की एक नहीं चल रही।

भाजपा भी पुरानी कांग्रेस की चाल चल रही है। भाजपा में दूसरे दलों के तमाम भ्रष्टाचारी व स्वेच्छाचारी तथा दबंग किस्म के लोग शामिल हो गये हैं। ऐसे लोग भाजपा में बुरी तरह हावी हैं। इनके आगे भाजपा संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं को कोई तरजीह नहीं मिल रही। ये दर्द भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं ने बयान किया। उन्होंने कहा कि पहले की भाजपा में और अब की भाजपा में बहुत अंतर हो गया है। अब उन्हें कोई पूंछता तक नहीं है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जिस अंदाज में सपाइयों से कहा है कि सपा के जो लोग भाजपा में गये हैं, उन्हें दोबारा भाजपा में शामिल करने को कहने वाले को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जायेगा। ऐसे कदम उठाने वाले भाजपा में कोई नहीं हैं। इसीलिए दिन-प्रतिदिन सपा आगे बढती जा रही है और भाजपा दिन-प्रतिदिन पीछे की ओर खिसक रही है। यही हाल रहें तो 2027 में भाजपा साफ हो जायेगी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि भाजपा पुराने कार्यकर्ताओं को पहले की तरह तरजीह दे और उनके सभी कार्य अधिकारी गौर से सुनें तथा कार्यवाही करें- तभी भाजपा 2027 में सम्मान से जीत हासिल कर सकेगी। ऐसा न होने पर भाजपा को गर्त में ले जाने से कोई नहीं रोक सकता।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का वांछित दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्यामप्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा अजय बहादुर सिंह ने छेडछाड व पॉक्सो एक्ट के वांछित जितेंद्र उर्फ गुड्डन पुत्र नंदकिशोर कुशवाहा खजुरिहा कला को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अजय बहादुर सिंह, सिपाही धर्मेंद्र सिंह शामिल रहे।

## रूस की जब्त की गई संपत्ति से की गई यूक्रेन की मदद: यूरोपीय संघ -



**ब्रसेल्स :** यूरोपीय संघ (ईयू) ने घोषणा की है कि उसने यूक्रेन की सहायता के लिए 1.5 बिलियन यूरो (1.62 बिलियन डॉलर) ट्रांसफर किये हैं. ये पैसे रूस की जब्त की गई संपत्ति से आए हैं. सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि यूरोपीय संघ ने मई में कानून बनाया था जिसके तहत धन का यह डायवर्जन संभव हो पाया. इससे यूक्रेन को इसका उपयोग करने की अनुमति मिल गई. शुक्रवार को एक बयान में, यूरोपीय संघ ने कहा कि यह रूसी संपत्तियों से प्राप्त पहला भुगतान है. यह धन यूरोपीय पीस फैसिलिटी के माध्यम से यूक्रेन को आवंटित किया जाएगा.

यूरोपीय पीस फैसिलिटी से आवंटित 1.4 बिलियन यूरो का उपयोग सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा, जिसमें वायु रक्षा प्रणाली और गोला-बारूद शामिल हैं. यह बात यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने कही. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा "रूस के पैसे का इससे बेहतर और कोई उपयोग नहीं हो सकता कि यूक्रेन और पूरे यूरोप को सुरक्षित स्थान बनाया जाए."

क्रेमलिन ने यूरोपीय संघ के इस निर्णय की निंदा की है और इसे कानूनी तौर पर गलत बताया है. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने चेतावनी देते हुए कहा, "रूस निश्चित रूप से यूरोपीय संघ द्वारा लागू किए जा रहे ऐसे अवैध निर्णय के जवाब में सोच-समझ कर कार्रवाई करेगा."

## अमेरिका: कमला हैरिस ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की



**वाशिंगटन:** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की. इस दौरान उन्होंने एक फॉर्म पर हस्ताक्षर किए और आश्वासन दिया कि नवंबर में उनका जन-संचालित अभियान जीतेगा. हैरिस ने सोशल मीडिया पर इस बात पर जोर दिया कि नवंबर में उनका जन-संचालित अभियान जीतेगा. उन्होंने आगे दोहराया कि वह हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी

कमला हैरिस ने अपने पोस्ट में कहा, 'आज, मैंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए फॉर्म पर हस्ताक्षर किए हैं. मैं हर वोट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी और नवंबर में हमारा जन-संचालित अभियान जीतेगा.' आगामी 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन के समर्थन के बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में नजर आएंगी।

इससे पहले शुक्रवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में जो बाइडेन के दौड़ से बाहर होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया था. ओबामा ने कहा कि वह और अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस की जीत हो।


एक्स पर एक पोस्ट में बराक ओबामा ने कहा, 'इस सप्ताह की शुरूआत में मिशेल और मैंने अपनी मित्र कमला हैरिस को फोन किया. हमने उनसे कहा कि हमें लगता है कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है. हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण में हम नवंबर में उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. हमें उम्मीद है कि आप हमारे साथ जुड़ेंगे।

इससे पहले बुधवार को अभिनेता और प्रमुख डेमोक्रेटिक फंडरेजर जॉर्ज क्लूनी ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस का समर्थन किया था. इस सप्ताह की शुरूआत में ओवल ऑफिस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कमला हैरिस को धन्यवाद देते हुए उन्हें 'एक महान उपराष्ट्रपति' बताया।

बाइडेन ने कहा, 'वह अनुभवी हैं. वह दृढ़ हैं और सक्षम हैं. वह मेरे लिए एक अविश्वसनीय साथी और हमारे देश के लिए एक नेता रही हैं. अब चुनाव आप पर, अमेरिकी लोगों पर है.' इसके अलावा, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव, करिन जीन पियरे ने इस बात पर जोर दिया कि डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से अधिक योग्य कोई नहीं है.

## मनोज मित्तल ने सिडबी के सीएमडी का कार्यभार संभाला


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

**नई दिल्ली,।** मनोज मित्तल ने शनिवार को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) का कार्यभार संभाल लिया है। मित्तल की नियुक्ति को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की थी। इससे पहले वे भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (आईएफसीआई) के प्रबंध निदेशक थे।

# डोनाल्ड ट्रंप से मिले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

**वांशिगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीद्वार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फ्लोरिडा रिसॉर्ट में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। इससे एक दिन पहले नेतन्याहू ने वाशिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडन और हैरिस के साथ अलग-अलग बैठकों में मुलाकात की थी।



ट्रंप ने नेतन्याहू का गर्मजोशी से स्वागत किया और पत्रकारों से कहा कि उनके बीच "बहुत अच्छे संबंध" हैं, उन्होंने उनके बीच तनाव के किसी भी संकेत को खारिज कर दिया। हैरिस ने गुरुवार को अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों में बाइडन की तुलना में अधिक जोरदार लहजे में बात की, उन्होंने नेतन्याहू पर गाजा में युद्धविराम तक पहुंचने में मदद करने का दबाव डाला। इस बात के बाद हैरिस ने कहा, "इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है," और फिलिस्तीनी नागरिकों पर संघर्ष के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की।

ट्रंप ने शुक्रवार को कमला हैरिस की टिप्पणी को "अपमानजनक" कहा।

इजराइल के अनुसार, इस संघर्ष की शुरूआत 7 अक्टूबर को हुई जब हमास के आतंकवादियों ने गाजा से दक्षिणी इजराइल पर हमला किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधक बना लिए गए।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा पर इजराइल के जवाबी हमले में 39,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और एन्क्लेव का अधिकांश हिस्सा नष्ट हो गया है। इस प्रतिक्रिया ने गाजा के 2.3 मिलियन लोगों में से अधिकांश को विस्थापित कर दिया है और मानवीय संकट पैदा कर दिया है। बिडेन प्रशासन ने फिलिस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए नेतन्याहू पर अधिक दबाव नहीं डालने के लिए कुछ डेमोक्रेट की आलोचना की है। ट्रम्प ने युद्ध को तुरंत समाप्त करने का आह्वान भी किया है, उन्होंने गुरुवार को फॉक्स न्यूज को बताया कि इजरायल "इस प्रचार से तबाह हो रहा है।"

# युवाओं के बीच कैसे बेरोजगारी खत्म करना चाहता है चीन

भारत-चीन सीमा पर एलएसी के पास उत्तराखंड का एक और लाल शहीदहरियाणा के यमुनानगर में शराब के ठेके के बाहर झगड़े में युवक की चाकू गोदकर हत्या

चीन में युवा बेरोजगारी के दो पहलू हैं, एक रोजगार के अवसरों की कमी और दूसरा युवाओं में रुचि की कमी. राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पार्टी के शीर्ष अधिकारियों को इस मुद्दे को प्राथमिकता देकर हल करने का आदेश दिया है.



शंघाई में ग्रेजुएशन पूरा करने वाले छात्रों के लिए बीते दिनों एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया. भर्ती करने आए नियोक्ता बारिश के बीच तिरपालों के नीचे ऊब रहे थे क्योंकि रुचि की कमी ने संभावित युवा उम्मीदवारों को दूर रखा.

रोजगार मेले में आए डेटा साइंस के एक छात्र ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, "ऐसी नौकरी खोजना मुश्किल है, जो आपकी डिग्री और आपकी आकांक्षाओं से मेल खाती हो."

**चीन में बेरोजगारी**

शंघाई में आयोजित रोजगार मेले में हॉस्पिटैलिटी और ह्यूमन रिसोर्स कंपनियां का दबदबा रहा. यह मेला चीन की यूनिवर्सिटी से निकलने वाले छात्रों की आमद की प्रत्याशा में स्थानीय अधिकारियों द्वारा आयोजित अनेक मेलों में से एक था।

एक रेस्तरां चेन के लिए भर्ती करने आईं जूलिया शाओ ने कहा, "बहुत से कॉलेज छात्रों की उम्मीदें वास्तव में बहुत अधिक होती हैं." उन्होंने कहा वे एंट्री लेवल के पदों की तुलना में अधिक प्रतिष्ठित और बेहतर सैलरी वाली जॉब पसंद करते हैं.

डिग्री और करियर से जुड़ी उम्मीदों में साम्यता की कमी जैसे कारणों से रोजगार मेले में भले ही सीटें खाली रही हों, लेकिन चीन में बेरोजगारी दर काफी ज्यादा है. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जून में 1.18 करोड़ छात्र ग्रैजुएट हुए. इससे एक महीने पहले मई में युवा बरोजगारी दर 14.2 प्रतिशत आंकी गई थी. पिछले साल तो यह आंकड़ा और भी ज्यादा था. 2023 के मध्य में युवा बेरोजगारी दर 21.3 प्रतिशत के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी.

एएफपी के अनुसार, यह समस्या इतनी गंभीर है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के शीर्ष कार्यकताओं से कहा है कि इसे "सर्वोच्च प्राथमिकता" दी जानी चाहिए. मई में सीसीपी पोलित ब्यूरो में दिए भाषण में भी राष्ट्रपति जिनपिंग ने विश्वविद्यालय के ग्रैजुएटों के लिए अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने को जिक्र किया था. विश्लेषकों को उम्मीद है कि दीर्घकालिक आर्थिक नीतियों को निर्धारित करने के लिए बीजिंग में सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक खत्म होने से पहले सुधार पेश किए जाएंगे।

# नेपाल : ओली के खिलाफ एकजुट होते विपक्षी नेता, सरकार को दी चेतावनी

**काठमांडू।** सत्ता से बाहर होने के बाद पहली बार विपक्षी नेताओं ने मंच साझा किया। नेपाल में कम्यूनिष्ट पार्टी के संस्थापक कहे जाने वाले पुष्पलाल स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एकजुट हुए विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और वर्तमान सत्तारूढ गठबन्धन को सचेत करते हुए संविधान संशोधन के नाम पर खिलवाड ना करने की चेतावनी दी है।









इस कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने कांग्रेस और एमाले के बीच बने गठबन्धन के द्वारा संविधान के खिलाफ षडयंत्र किए जाने का आरोप लगाया है। प्रचण्ड ने कहा कि संविधान संशोधन के नाम पर संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की गई तो फिर से सड़क पर आन्दोलन होगा। उन्होंने कहा कि संघीयता, समावेशी सिद्धांत, समानुपातिक निर्वाचन प्रणाली और धर्म निरपेक्षता के साथ छेड़छाड़ बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रचण्ड ने कहा कि नेपाल के संविधान में यह उपलब्धि हजारों नेपाली जनता के बलिदान और माओवादियों के सशस्त्र विद्रोह के कारण आया है। इसलिए इन सभी मूलभूत बातों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इसी कार्यक्रम में बोलते हुए एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में ओली के सत्ता संभालने के कारण सभी को सचेत होकर रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में ओली का ट्रैक रिकार्ड विवादित और संविधान विरोधी रहा है। माधव नेपाल ने यहां तक कह दिया कि संविधान संशोधन का खतरा नहीं है बल्कि ओली के सत्ता में टिके रहने पर देश के संविधान को ही खतरा है। ओली के पूर्व के कार्यकाल में उनके द्वारा दो बार संसद को भंग करने और अपने मनमौजी तरीके से देश को चलाने का आरोप लगाते हुए माधव नेपाल ने संविधान की रक्षा करने के लिए विपक्षी दलों के एकजुट होने का आह्वान किया।

प्रचण्ड और माधव नेपाल की तरह उपेन्द्र यादव ने भी ओली के खिलाफ बयान दिया है। यद्यपि उनकी सरकार ने प्रदेश के अलावा केन्द्र में भी ओली की सरकार को समर्थन दिया है लेकिन उनकी पार्टी को सरकार में कहीं जगह नहीं मिल पाई है। ओली के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उपेन्द्र यादव ने कहा कि संविधान और उसकी उपलब्धियों से ओली का कोई लेना देना नहीं है। सत्ता के लिए कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने वाले ओली सत्ता टिकाने के लिए राजा से भी हाथ मिलाकर पूरी शासन व्यवस्था को बदल सकते हैं।

## ताइवान ने अपने क्षेत्र के निकट 4 चीनी विमानों का पता लगाया



**ताइपे:** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने ताइवान जलडमरूमध्य के पास चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधियों में वृद्धि की सूचना दी है. शनिवार सुबह तक पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के चार जहाज और एक आधिकारिक जहाज का पता चला है. दिए गए समय-सीमा में कोई भी पीएलए विमान नहीं देखा गया

एक्स पर एक पोस्ट में, ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के आसपास संचालित 4 पीएलए जहाजों का आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक पता चला. हमने स्थिति की निगरानी की है और तदनुसार प्रतिक्रिया दी है. आज के उड़ान पथ का चित्रण प्रदान नहीं किया गया है क्योंकि इस समय-सीमा के दौरान ताइवान के आसपास कोई भी पीएलए विमान संचालन नहीं देखा गया.

मंत्रालय ने घटना में शामिल विमानों के प्रकार के बारे में नहीं बताया, लेकिन आश्वासन दिया कि स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. ताइवान के अऊके में ढछअ सैन्य विमानों और जहाजों की ओर से घुसपैठ असामान्य नहीं है. चीन की इस गतिविधि ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है।

ताइवान को मुख्य भूमि चीन से अलग करने वाला ताइवान जलडमरूमध्य अक्सर विवाद का क्षेत्र रहा है, बीजिंग ताइवान को एक अलग प्रांत के रूप में देखता है और द्वीप पर संप्रभुता का दावा करता है. यह ताजा घटना क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के बीच हुई है और चीनी सैन्य गतिविधियों के खिलाफ अपने हवाई क्षेत्र और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में ताइवान की निरंतर सतर्कता को रेखांकित करती है. तनाव जारी रहने के कारण, ताइवान का राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय क्षेत्र में किसी भी और तनाव का जवाब देने के लिए तैयार है।

बढ़ते खतरे के बीच, ताइवान ने सोमवार से अपनी युद्ध-लड़ाई क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए सैन्य अभ्यास शुरू किया. ताइवान जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच, चीन ने अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है और क्षेत्र में लगातार अभ्यास किए हैं। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के खिलाफ बीजिंग के चल रहे दबाव अभियान के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है, जिसे चीन एक विद्रोही प्रांत मानता है. इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ताइवान के लिए देश के समर्थन की आवाज उठाई है. सितंबर 2022 में, उन्होंने फिर से पुष्टि की कि अमेरिका ताइवान का समर्थन करना जारी रखेगा. वह ताइवान पर किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करेगा।

## अति अमीरों पर असरदार टैक्स लगाने की तैयारी करता जी20

मध्य वर्ग के लिए दुनिया भर में कई तरह टैक्स हैं और अमीरों के लिए ऐसे




टैक्सों से बचने के कई रास्ते. क्या जी20 अति अमीरों से टैक्स वसूलने का असरदार सिस्टम बना सकेगा?

ब्राजील के रियो डे जेनेरो में जी20 के वित्त मंत्रियों की बैठक के बाद, 26 जुलाई को साझा बयान जारी किया गया. इसके मुताबिक, "टैक्स संप्रभुता के पूरे सम्मान के साथ, हम आपसी सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि बहुत ही ज्यादा अमीर व्यक्तियों पर असरदार तरीके से टैक्स लगाया जाए।

बयान में आगे कहा गया है, "संपत्ति व आय की असमानता, आर्थिक विकास और सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर रहे हैं और सामाजिक कमजोरियों को बढ़ा रहे हैं।

जी20 देशों का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब दुनिया भर की सरकारें, समाज में बढ़ती असमानता से जूझ रही है. बीते करीबन डेढ़ दशक से दुनिया भर में अमीरों की संपत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है. कोरोना महामारी के बाद तो इसमें अभूतपूर्व तेजी देखी गई है. इसी साल जनवरी में आई ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के बाद से दुनिया के शीर्ष पांच अमीरों की संपत्ति दोगुनी हो चुकी है.

रियो डी जेनेरो में नवंबर में जी20 का शिखर सम्मेलन होना है. इस सम्मेलन से पहले हुई वित्त मंत्रियों की बैठक में दो दिन तक अरबपतियों के टैक्स बचाने के हथकंडों पर ही चर्चा केंद्रित रही

**अरबपतियों पर असरदार टैक्स लगाने की कोशिश का स्वागत**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जिवा ने "टैक्स फेयरनेस" के मुद्दे पर जी20 के रुख का स्वागत किया है. अति अमीरों से टैक्स वसूलने में सहयोग को जॉर्जिवा ने "समय के मुताबिक और स्वागतयोग्य" कदम करार दिया.

ब्राजील सरकार के लिए काम कर रहे फ्रांसीसी अर्थशास्त्री ग्राबिएल जाकमन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अरबपति फिलहाल अपनी संपत्ति पर करीबन 0.3 परसेंट टैक्स चुका रहे हैं. ऐसे में 2 परसेंट टैक्स लगाने से करीबन 200 से 300 अरब डॉलर मिल सकेंगे. दुनिया भर में ऐसे अरबपतियों की संख्या लगभग 3,000 है. सार्वजनिक शिक्षा व स्वास्थ्य को बेहतर करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में इस रकम को इस्तेमाल किया जा सकता है.

**अमेरिका और जर्मनी को नैतिकता की नसीहत**

अति अमीरों से असरदार टैक्स वसूलने की कोशिश के पीछे असल चेहरा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इसानियो लूला दा सिल्वा हैं. दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह, जी20 की अध्यक्षता इस साल ब्राजील के पास है. लूला दा सिल्वा इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं.

ब्राजीली राष्ट्रपति को उम्मीद है कि अति अमीरों पर न्यूनतम दो फीसदी टैक्स तो लगना ही चाहिए. लेकिन अंत में सामने आए वित्तीय घोषणा पत्र में इसका स्पष्ट जिक्र नहीं था. देशों के बीच टैक्स की दर को लेकर मतभेद दिखाई पड़े.

**अमीर जर्मनी में बढ़ते जा रहे हैं बेघर लोग**

अमेरिका और जर्मनी अरबपतियों पर टैक्स लगाने के वैश्विक समझौते का विरोध कर रहे हैं. फ्रांस, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, कोलंबिया और अफ्रीकी संघ ने इस पहल का समर्थन किया है. ब्राजील के वित्त मंत्री के मुताबिक, अंतिम घोषणा पत्र या मसौदे में भले ही टैक्स की दर को लेकर सहमति न बनी हो, लेकिन अति अमीरों पर टैक्स लगाने की वैश्विक पहल पर रजामंदी होना भी एक कामयाबी है।